हरिभूमि

# सिरसा-फतेहाबाद भूमि

रोहतक, मंगलवार, 25 जून 2024

11 एमएम कॉलेज ने देश को दिए अनेक रत्न : मेहता



12 हारट्रोन आईटी प्रोफेशनल ने सीएम के नाम सौंपा ज्ञापन



## खबर संक्षेप

### भूना पुलिस ने गांजा सहित युवक को किया काबू

**फतेहाबाद।** नशा तस्करी के आरोप में भूना पुलिस ने एक युवक को गांजा सहित गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार थाना भूना पुलिस की टीम एएसआई कृष्ण कुमार के नेतृत्व में गश्त के दौरान गांव दहमान से नहला की तरफ जा रही थी। रास्ते में पुलिस टीम को एक युवक पैदल आता दिखाई दिया जिसके हाथ में पॉलीथीन का लिफाफा था। उक्त युवक पुलिस टीम को देखकर घबरा गया और एकदम खेतों की तरफ तेज कदमों से चलने लगा।

### दुकान में घुसकर युवक ने गल्ले से नकदी चुराई

**फतेहाबाद।** भूना में एक युवक ने दुकान में घुसकर गल्ले में रखी नकदी चोरी कर ली। पुलिस को दी शिकायत में वार्ड नं. 2 भूना निवासी मनोज ने कहा है कि उसकी नाढोडी मोड, भूना पर आटा चक्की है। सोमवार सुबह जब वह दुकान पर आया तो उसने देखा कि उसकी दुकान का गल्ला खुला पड़ा था। जब उसने गल्ले को चैक किया तो पाया कि गल्ले में रखे 600-700 रुपये की नकदी गायब थी। इस पर जब उसने दुकान पर लगे कैमरे को चैक किया तो देखा कि एक अज्ञात युवक उसकी दुकान से बाहर जाता दिखाई दे रहा है।

### जाखल में चूरापोस्त सहित युवक गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** पुलिस ने जाखल क्षेत्र से एक युवक को चूरापोस्त सहित गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार जाखल पुलिस की टीम गश्त के दौरान गांव उदयपुर के बस अड्डे पर मौजूद थी। इस दौरान एक युवक पॉलीथीन लिए आते दिखाई दिया। उक्त युवक पुलिस टीम को देखकर घबरा गया और वापस मुड़कर तेज कदमों से चलने लगा। शक के आधार पर पुलिस कर्मचारियों ने युवक को काबू कर पूछताछ की तो उसने अपना नाम सतनाम सिंह निवासी उदयपुर बताया। पुलिस ने जब उसकी तलाशी ली तो उसके पास से 170 ग्राम चूरापोस्त बरामद हुआ। इस पर पुलिस ने युवक को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया

### फतेहाबाद शहर से दो युवक लापता

**फतेहाबाद।** शहर से दो युवकों के लापता होने का समाचार है। इस बारे परिजनों द्वारा पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई गई है। शहर फतेहाबाद पुलिस को दी शिकायत में प्रताप नगर, आर्यभट्ट स्कूल के पास रहने वाली महिला लखविन्द्र कौर ने कहा है कि उसका 23 साल का लड़का ड्राईवरी का काम करता है। गत दिवचस सुबह वह काम पर जाने की बात कहकर घर से गया था और उसके बाद वह वापस घर नहीं लौटा है। इस पर उन्होंने उसकी काफी जगह तलाश की लेकिन जब उसका कुछ पता नहीं चला।

### 3 जुलाई को लगेगी प्रथम मेरिट लिस्ट

# मिशन एडमिशन : फतेहाबाद के सभी कॉलेजों में एडमिशन के लिए आवेदन का आज अंतिम दिन

**2 जुलाई को प्रथम प्रोविजनल मेरिट लिस्ट लगाई जाएगी व 10 जुलाई को फाइनल मेरिट लिस्ट जारी होगी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद/रतिया/भूना।



भूना। राजकीय महाविद्यालय भवन। फोटो : हरिभूमि

जिले के सरकारी व प्राइवेट कॉलेज में इन दिनों एडमिशन प्रक्रिया चल रही है। कॉलेजों में एडमिशन के लिए आवेदन करने की आज अंतिम तिथि है। आवेदन प्रक्रिया पूरी होने के बाद 3 जुलाई को सार्वजनिक होगी। बता दें कि 2 जुलाई को प्रथम प्रोविजनल मेरिट लिस्ट और 3 जुलाई को फाइनल मेरिट लिस्ट लगाई जाएगी। पहली मेरिट लिस्ट में आए विद्यार्थियों को 4 जुलाई से 8 जुलाई तक फीस भरनी होगी। 9 जुलाई को दूसरी प्रोविजनल मेरिट लिस्ट व 10 जुलाई को फाइनल मेरिट लिस्ट जारी होगी। इसकी फीस 10 जुलाई से 12 जुलाई तक भरनी होगी। रिक्त सीटों के लिए 15 जुलाई को फिजिकल काउंसिलिंग होगी। इसके बाद नए फार्म भरने के लिए 16 जुलाई से ऑनलाइन एडमिशन पोर्टल ओपन किया जाएगा। 22 जुलाई तक 100 रुपये लेट फीस के साथ फिजिकल काउंसिलिंग में भाग लेकर दाखिला लिया जा सकता है। इसके बाद 24 जुलाई से 31 जुलाई तक फिजिकल काउंसिलिंग के तहत प्रत्येक दिन 100 रुपये लेट फीस के साथ दाखिले होंगे।

#### एमएम कॉलेज में 1550 में से 1242 सीटों पर आए आवेदन

फतेहाबाद के एमएम कॉलेज में कुल 1550 सीटों में 1242 सीटों पर एडमिशन हो चुके हैं। बीए प्रथम वर्ष की कुल 800 सीटों में से 689 के लिए अभी तक आवेदन आ चुके हैं। बीए प्रथम पंजाबी ऑनर्स की 40 सीटों में से 8, बीबीए की 60 सीटों में से 46, बीकॉम प्रथम वर्ष में 370 में से 285, बीसीए प्रथम वर्ष में 100 सीटों के लिए 116 आवेदन, बीएससी मेडिकल प्रथम वर्ष की 60 सीटों के लिए 35, बीएससी नॉन मेडिकल प्रथम वर्ष 120 में से 61 विद्यार्थियों ने एडमिशन के लिए आवेदन किया है। कॉलेज प्राचार्य डॉ. गुरचरण दास ने बताया कि एडमिशन के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 25 जून है। अंतिम तिथि को देखते हुए विद्यार्थियों की सुविधा के लिए स्पैशल डेस्क बनाए गए हैं।

#### भूना कॉलेज बीए के लिए सीटें 320, आवेदन आए 641

**भूना।** राजकीय महाविद्यालय में बीए संकाय में दाखिल को लेकर कॉलेज सीट से दो गुना विद्यार्थियों ने ऑनलाइन आवेदन किए है, इसलिए बीए संकाय में दाखिल को लेकर विद्यार्थियों के पसीने छूट रहे हैं। राजकीय महाविद्यालय भूना में नोडल अधिकारी डॉ. छोटू राम ने बताया कि बीए संकाय की कुल 320 सीट है। जबकि अब तक 641 विद्यार्थियों ने दाखिले के लिए आवेदन किया है और दो दिन अभी आवेदन प्रक्रिया के बाकी है। 25 जून तक ऑनलाइन दाखिले के लिए पोर्टल खुला रहेगा। बीकॉम में कुल 80 सीट हैं और आवेदन 92 विद्यार्थियों ने दाखिले के लिए किया है, जबकि बीएससी नॉन मेडिकल में 80 सीट में से 50 आवेदन प्राप्त हुए है। महाविद्यालय के प्रिंसिपल डॉ. सुरेंद्र ज्याणी ने बताया कि कॉलेज में बीए व बीकॉम और बीएससी संकाय में दाखिल को लेकर आज ऑनलाइन आवेदन होंगे। विद्यार्थियों के आवेदन प्राप्त होने के बाद से ही दस्तावेज जांच प्रकिया चल रही है। उच्च शिक्षा विभाग द्वारा ऑल इंडिया स्तर पर ऑनलाइन मेरिट बनेगी और 2 जुलाई को पहली कट ऑफ मेरिट सूची सार्वजनिक होगी। पहली कट ऑफ सूची में वंचित विद्यार्थियों को दूसरी मेरिट सूची में जगह मिलेगी। तीसरी मेरिट सूची के बाद सीट खाली रहेंगी तो कॉलेज में ऑफलाइन काउंसलिंग के माध्यम से एडमिशन होंगे।

#### खालसा कॉलेज में एडमिशन का आज अंतिम दिन

रतिया के खालसा त्रिशताब्दी राजकीय महाविद्यालय के प्राचार्य प्रेम मेहता ने बताया कि महाविद्यालय में 3 जून से दाखिला प्रक्रिया शुरू हो चुकी है, जोकि 25 जून तक चलेगी। यहां विभिन्न संकायों में 460 सीटों पर विद्यार्थी दाखिला लेकर अपना उच्च शिक्षा का सपना साकार कर सकते हैं व अपने क्षेत्र का नाम रोशन कर सकते है। महाविद्यालय में कला संकाय की 320, वाणिज्य संकाय की 80, विज्ञान संकाय की 20 और एम.ए. पंजाबी की 40 सीटें हैं और विज्ञान संकाय में बी.एस.सी. नॉन मेडिकल में भी इस सत्र से दाखिले आरंभ हो गये हैं। महाविद्यालय में कला संकाय में हिन्दी व अंग्रेजी के साथ इतिहास, भूगोल, राजनीतिक विज्ञान, गणित,अर्थशास्त्र, स्वास्थ्य व शारिरिक शिक्षा, पंजाबी,पर्यावरण विज्ञान व कम्प्यूटर विषय का चयन कर सकते है। महाविद्यालय में प्रत्येक वर्ष 40 विद्यार्थी एमए पंजाबी में प्रवेश लेकर उच्च शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं।

### लव मैरिज वाले युवक ने सुसाइड नोट में लिखा ससुरालजनों का नाम

**फतेहाबाद।** टोहाना के गांव माढुवाना में लव मैरिज करने वाले युवक द्वारा जहर खाकर आत्महत्या करने के मामले में नया मोड़ आया है। मृतक के पिता ने पुलिस को एक सुसाइड नोट सौंपकर उसकी लड़के की मौत के लिए उसके ससुरालजनों को जिम्मेवार ठहराया है। अब इस मामले में सदर टोहाना पुलिस ने मृतक की पत्नी व अन्य ससुरालजनों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में गांव माढुवाना निवासी रामफल ने कहा है कि उसके लड़के विक्रम की शादी गांव ललौदा निवासी ममता रानी के साथ हुई थी। दोनों ने लव मैरिज की थी। 5-6 दिन पहले ममता अपने गांव ललौदा गई हुई थी। 18 जून को विक्रम अपनी पत्नी के पास ललौदा गया था और वहां पर उसने किसी जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया और वापस गांव माधुवाना आ गया। इस पर उन्होंने विक्रम को टोहाना के निजी अस्पताल में भर्ती करवाया जहां से चिकित्सकों ने उसे अग्रोहा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया था। अग्रोहा मेडिकल कॉलेज में उपचार के दौरान विक्रम की मौत हो गई। रामफल ने कहा कि उसे नहीं पता कि विक्रम ने क्यों जहर खाया है। विक्रम ने मरने से पहले और जहर खाने के बाद भी उसे कुछ नहीं बताया। इस पर पुलिस ने पहले 174 की कार्रवाई की। अब रामफल ने पुलिस के सामने विक्रम का दो पेज का सुसाइड नोट दिखाया। रामफल ने कहा कि विक्रम को उसके ससुराल के लोग मानसिक रूप से परेशान कर रहे थे और उससे 10 लाख रुपये व एक किले जमीन की मांग कर रहे थे। विक्रम की पत्नी ममता ने गर्भ में पल रहे 5 महीने के बच्चो की भ्रूण हत्या करने औश्र उसे जान से मारने की भी धमकियां दी। इससे परेशान होकर उसके लड़के ने आत्महत्या की है। इस मामले में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आत्महत्या के लिए मजबूर करने के आरोप में केस दर्ज किया है।

## धरने पर बैठे किसानों में जगी मुआवजे की उम्मीद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जाखल



जाखल। उप तहसील पर धरने पर बैठे किसान।

पिछले साल जाखल क्षेत्र में बाढ़ आने से बर्बाद हुई किसानों की फसल के मुआवजे की मांग को लेकर अन्नदाता आज भी संघर्षरत है। सरकार द्वारा अब उन्हें मुआवजा दिए जाने की उम्मीद जगी है है। बता दें कि पगड़ी संभाल जट्टा किसान संघर्ष समिति के नेतृत्व में जाखल क्षेत्र के किसान लगातार साढ़े चार महीने से ज्यादा समय से तहसील कार्यालय में धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। आज यह धरना 138वें दिन भी लगातार जारी है, जबकि लंबे समय से संघर्ष कर रहे किसानों की मेहनत अब रंग लाती दिखाई दी हैं। पगड़ी संभाल जट्टा ब्लॉक जाखल के उपाध्यक्ष जग्गी महल ने बताया कि अब दो दिन पहले किसानों के मोबाइल पर मुआवजा संबंधित मैसेज आने लगे हैं। मुआवजा राशि की सूची में से रिजेक्ट किसानों को अप्रूवल करने के मैसेज आने शुरू हो गए हैं। जग्गी महल ने इसे किसानों की जीत बताया। इसके लिए लंबा समय लगातार किसानों ने धरना प्रदर्शन किया। अपने आवश्यक कार्यों को दरकिनार तक कर किसानों ने धरने को जारी रखा। किसानों ने चुनाव में बीजेपी का विरोध किया और वोट भी बीजेपी के विरोध में किए। इसका नतीजा ये हुआ कि किसानों का भारी विरोध देखकर बीजेपी सरकार को किसानों की मांग को लेकर झुकना पड़ा। इस मौके पर पुरा सिंह, पोला सिंह, लीला सिंह, हरमेल सिंह, लक्ष्मण सिंह, मंहता सिंह, जगतार गोरा, गुरशरण नंबरदार, आदि किसान धरने पर मौजूद थे।

## अधूरे निर्माण को पूरा करवाने के लिए दिया धरना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डबवाली



सिरसा। धरना स्थल पर मौजूद विधायक व अन्य ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि

सरकारी तंत्र की हद हो गई। करीब 2 साल में 3 किलोमीटर सड़क का निर्माण नहीं हो पाया। मामला डबवाली-ऐलनाबाद रोड के गोरीवाला क्षेत्र का है। यहां गांव गोरीवाला के पास सड़क का काम अधर में अटका है। परेशान ग्रामीणों ने अब प्रशासन के खिलाफ संघर्ष करते हुए धरना दिया। धरनारत ग्रामीणों के बीच हलका डबवाली के विधायक अमित सिहाग भी पहुंचे। धरना स्थल पर पहुंचकर विधायक अमित सिहाग ने मौके पर ही ठेकेदार को फोन लगाया जिस पर ठेकेदार ने विधायक को आगामी 10 से 15 जुलाई तक निर्माण कार्य पूरा करने के लिए आश्वस्त किया। इसके बावजूद अमित सिहाग ने कहा कि शासन व प्रशासन को तय समय सीमा में काम करवाने के लिए अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए काम पूरा करवाना चाहिए। उन्होंने लोक निर्माण विभाग के एसडीओ को धरनास्थल पर बुला तय समय सीमा में निर्माण कार्य पूर्ण करवाने की बात कही। ग्रामीणों द्वारा विधायक से सड़क निर्माण में हो रही राजनीतिक बयानबाजी के संदर्भ में सवाल पूछे जाने पर अमित सिहाग ने कहा कि यह सड़क उनके द्वारा विधानसभा में आवाज बुलंद करने के बाद ही पुनः निर्माण हेतु मंजूर हुई थी। उन्होंने बताया कि आज सम्बन्धित ठेकेदार ने स्वयं बयान दिया है कि हरियाणा में गठबंधन सरकार में संबंधित विभाग के मंत्री जेजेपी से थे और उस समय ठेकेदार जो कि जेजेपी छोड़ कांग्रेस में शामिल हो गए थे उनसे राजनीतिक द्वेष रखते हुए उनकी पेमेंट रुकवा दी।

## योग को बनाएं जीवन का हिस्साः चंद्रपाल




**रानियां।** भारत विकास परिषद और पतंजलि योग समिति के संयुक्त तत्वावधान में चल रहा योग शिविर सोमवार को संपन्न हो गया। कार्यक्रम में पद्मश्री गुरविंद्र सिंह कन्हैया आश्रम सिरसा के संचालक ने बतौर मुख्या अतिथि शिरकत की। गुरविंद्र सिंह ने योग साधकों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वास्थ्य और योग का बहुत गहरा संबंध है और यह विशेष रूप से भारतीय प्राचीन संस्कृति का अहम अंग रहा है। उन्होंने कहा कि आज की तेज रफ्तार जिंदगी में अनेक ऐसे पल है जो हमारी स्पीड पर ब्रेक लगा देते हैं। हमारे आस-पास ऐसे अनेक कारण हैं जो तनाव, थकान को जन्म देते हैं, ऐसे में जीवन को स्वस्थ व ऊर्जावान बनाने के लिए योग एक रामबाण दवा है जो बॉडी को फिट रखता है, योग से जीवन में बीमारियां नहीं आती। इस मौके पर योगी चंद्रपाल, वरिंदर कुमार, रजनी बाला व सहयोगी हेमराज छपरा, पतंजलि योग समिति के अध्यक्ष योगी जयप्रकाश और रानियां से पतंजलि योग समिति के तहसील प्रभारी श्याम सुंदर, पतंजलि योग समिति से महिला तहसील प्रभारी इंद्रजीत कौर आदि मौजूद रहे।

## शिविर में आई 124 समस्याओं का मौके पर किया समाधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा



सिरसा। समाधान शिविर में लोगों की समस्याएं सुनते डीसी। फोटो : हरिभूमि

हरियाणा सरकार द्वारा जनसमस्याओं के तत्परता से समाधान के लिए लगाए जा रहे समाधान शिविर में उपायुक्त आरके सिंह के समक्ष सोमवार को 124 समस्याएं आई, इनमें से 44 समस्याएं अतिरिक्त उपायुक्त कार्यालय, 19 समस्याएं जिला समाज कल्याण अधिकारी, 6 समस्याएं एमआई काडा, 5 समस्याएं पुलिस विभाग, 5 शिकायतें जिला नगर आयुक्त कार्यालय से संबंधित थी। समाधान शिविर में खाल बनवाने, प्रोपर्टी आईडी, पीपीपी में वार्षिक आय में बदलाव, कैटेगरी में बदलाव, फसल मुआवजा, प्लाट नाम करवाने बारे, पेंशन बनवाने, जमीन का कब्जा दिलवाने बारे, पारिवारिक विवाद, मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना का लाभ दिलवाने बारे, विधुर पेंशन, दिव्यांग पेंशन, निशानदेही, बिजली, पेयजल, नहरी पानी, जोहड़ के पानी, सोलर पैनल लगवाने, ड्रेन की सफाई करवाने, गली बनवाने बारे, खेत का रास्ता दिलवाने बारे आदि समस्याएं आई।

## सीएम नायब सैनी का आर्य ने जताया आभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

भाजपा के प्रदेश मंत्री एवं फतेहाबाद के जिला प्रभारी सुरेंद्र आर्य ने कहा है कि सबका साथ, सबका विकास की भावना को साकार करते हुए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा बीसी-ए वर्ग के लिए क्रिमिलेयर की वार्षिक आय सीमा 06 लाख से बढ़ाकर 08 लाख करने तथा पूर्व में हरियाणा सरकार द्वारा 17 नवंबर 2021 की गई क्रिमिलेयर अधिसूचना को रद्द करते हुए हुए केंद्रीय सरकार की तर्ज पर बीसी-ए वर्ग को सभी लाभ देने के ऐतिहासिक निर्णय के लिए उनका आभार जताया है। भाजपा प्रदेशमंत्री सुरेंद्र आर्य ने सोमवार को जारी बयान में कहा कि केवल इतना ही नहीं मुख्यमंत्री ने ग्रुप ए व बी में पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षण 15 प्रतिशत से बढ़ाकर 27 प्रतिशत करने तथा नौकरियों में बीसी-ए वर्ग के लिए निर्धारित बैकलॉग को भी प्राथमिकता के आधार पर भरने का महत्वपूर्ण निर्णय लेकर बहुत लंबे समय से चली आ रही मांग को पूरा किया है, जिसके लिए पिछड़ा वर्ग उनका आभार व्यक्त करता है। आर्य ने कहा कि पिछड़ा वर्ग देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गरीबों, दलितों एवं वंचितों के उत्थान के लिए बनाई गई नीतियों का समर्थन करता रहेगा।

### राहुल नरवाल ने मुख्यमंत्री शहरी आवास योजना के लाभार्थियों का निकाला ड्रॉ

# पात्र शहरी गरीबों को दिए 30-30 गज के प्लॉट

- बड़ी स्क्रीन के माध्यम से ड्रॉ ऑफ लॉट्स की ऑनलाइन प्रक्रिया को दिखाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद



फतेहाबाद। मुख्यमंत्री शहरी आवास योजना की सूची में अपना नाम देखते नागरिक व खुशी व्यक्त करते योजना के चयनित लाभार्थी।

हाउसिंग फॉर ऑल विभाग, हरियाणा द्वारा मुख्यमंत्री शहरी आवास योजना के प्रथम चरण के तहत दिये जाने वाले प्लॉट का ड्रा उपायुक्त राहुल नरवाल द्वारा डीपीआरसी हॉल में निकाला। जिला के 195 लोगों का ड्रा में नाम निकाला गया। उपायुक्त ने क्लिक करके ड्रा प्रक्रिया शुरू की। बड़ी स्क्रीन के माध्यम से लाभार्थियों को ड्रॉ ऑफ लॉट्स की ऑनलाइन प्रक्रिया को दिखाया गया। लाभार्थियों को ये प्लॉट फतेहाबाद के सेक्टर 9 पार्ट 1 व 2 में उपलब्ध करवाएं जाएंगे। उपायुक्त राहुल नरवाल ने बताया कि हाउसिंग फॉर ऑल विभाग द्वारा मुख्यमंत्री शहरी आवास योजना के तहत गरीब पात्र लोगों को 30-30 गज के प्लॉट आवंटित किये जाएंगे, इसका ड्रा निकाला गया है। जिला के 195 लाभार्थी इस योजना के तहत चुने गये हैं। उपायुक्त ने कहा कि योजना के पात्रों में एक लाख 80 हजार रुपये से कम आमदनी वाले शहरी परिवार शामिल है। योजना के तहत 24 जून को सभी श्रेणी के आवेदकों के लिए ड्रॉ ऑफ लॉट्स निकाला गया है। पात्र लोगों को एक लाख रुपये में ये प्लॉट उपलब्ध करवाये जा रहे हैं। लाभार्थी से आवेदन के समय पहले दस हजार जमा कराये गये थे। शेष 90 हजार रुपये उन्हें आसान किश्तों में देने होंगे। लाभार्थियों से फरवरी 2024 में इनके लिए ऑनलाइन आवेदन मांगे गए थे। इस अवसर पर अतिरिक्त उपायुक्त राहुल मोदी, एचएसवीपी के ईओ राजेश खोथ, डीएमसी संजय बिश्नोई, डीटीपी गुंजन वर्मा, ईओ नगर परिषद राजेंद्र सोनी, डीआईओ रमेश शर्मा, हाउसिंग बोर्ड चंडीगढ़ से रूप किशोर, सुषमा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी और आवेदनकर्ता मौजूद रहे।

## एनएचएम कर्मचारियों ने किया विरोध प्रदर्शन

- कर्मचारी सुबह काले बिल्ले लगाकर ड्यूटी पर पहुंचे और अपनी मांगों को उठाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद



फतेहाबाद। अपनी मांगों को लेकर काले बिल्ले लगाकर विरोध प्रदर्शन करते एनएचएम कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

लंबे समय से काम कर रहे एनएचएम कर्मचारियों को नियमित करने और अन्य लंबित मांगों को पूरा करने की मांग को लेकर जिलेभर के एनएचएम कर्मचारियों ने आज स्वास्थ्य कर्मचारी संघ हरियाणा सम्बंधित भारतीय मजदूर संघ के बैनर तले ब्लैक रिबन लगाकर अपना विरोध प्रकट किया। कर्मचारी सुबह काले बिल्ले लगाकर ड्यूटी पर पहुंचे और अपनी मांगों को उठाया। फतेहाबाद के नागरिक अस्पताल में विरोध प्रदर्शन में शामिल कर्मचारियों को संबोधित करते हुए स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष विपिन शर्मा ने बताया कि पिछले 5 सालों से हरियाणा प्रदेश में कार्यरत एनएचएम के कर्मचारियों की मांगों की अनदेखी सरकार व विभाग द्वारा की जा रही है। संगठन ने पत्राचार व बैठकों के माध्यम से सरकार के सम्मुख बातें रखी। एनएचएम कर्मचारियों को नियमित करने के लिए वर्ष 2016 में दो बार अधिकारियों के द्वारा मसौदा तैयार किया गया था, जिसको सरकार के द्वारा अनदेखा किया गया है। 2021 में मुख्यमंत्री द्वारा एनएचएम कर्मचारियों के कोविड काल के दौरान किए गए कार्य को देखते हुए 7वें वेतनमान आयोग की सिफारिशे लागू करने की मंजूरी दी गई थी, परन्तु विभाग एवं अधिकारियों के द्वारा हर बार किसी न किसी प्रकार की अनावश्यक अनापत्तियां लगाकर मुख्यमंत्री की घोषणा को लागू नहीं किया जा रहा। जब भी एनएचएम कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर सरकार एंव अधिकारियों से बात करते है तो उन्हे केवल एक ही जवाब दिया जाता है कि आज तक कहीं भी एनएचएम कर्मचारी को नियमित नहीं किया गया है।

# हरिभूमि सहेली





अलर्टनेस / शिखर चंद जैन

## अच्छी हैं ये बुरी आदतें

अच्छा हासिल करने के लिए बुरी समझी जाने वाली आदतों के कुछ अंश हम अपना लें तो इसमें कोई बुरी बात नहीं है। वे कौन-सी बुरी आदतें हैं, जो हमारा हित कर सकती हैं, आप जरूर जानिए।

कहने को तो कुछ आदतें अच्छी नहीं कही जाएंगी, बुरी ही कही जाएंगी, लेकिन ये 'बुरी आदतें' हमारे लिए अच्छी साबित होती हैं, हमें अलर्ट रखकर लाभ पहुंचाती हैं। तो क्यों ना, इन आदतों को अपनाएं और लाभ उठाएं।

**इस मामले में हो जाइए आलसी:** अगर आप शेयर्स में इंवेस्ट करती हैं, अपने अच्छे-खासे पोर्टफोलियो में बार-बार बदलाव की कोशिश में रहती हैं यानी, दिनभर बार-बार शेयर्स लेती-बेचती हैं तो इस काम में आलसी हो जाइए। बहुत ज्यादा एक्टिव रहने की आदत त्याग दीजिए। बार-बार शेयर्स लेने-बेचने में सिर्फ ब्रोकर को फायदा होता है, आप इनके लॉन्ग टर्म प्रॉफिट से वंचित रह सकती हैं। एक्सपर्ट्स के अनुसार, स्ट्रांग कंपनियों के शेयर खरीदकर उनको लंबे समय तक रखने में फायदा है, आप इसकी आदत डालिए।

### थोड़ी सी प्राउडी बनें

लोग प्राउडी बनने से मना करते हैं, लेकिन आप जो कुछ भी काम करती हैं या प्रोफेशनल रूप से आप जो भी हैं, कामयाब हैं, उस पर आपको प्राउड भी करना चाहिए। अपने बिजनेस,



प्रोफेशन या अपनी एक्सपर्टाइज के बारे में आपको हर किसी को गर्व के साथ बताना चाहिए। इससे लोग आपके बारे में जानेंगे और आपका काम बढ़ेगा। आपकी कीर्ति बढ़ेगी।

**कभी-कभी गुस्सा भी करिए:** हमेशा कूल माइंड रहने से काम नहीं बनता। लोग आपको सॉफ्ट टार्गेट समझने लगेंगे। अगर कोई वित्तीय संस्थान, ग्राहक, सप्लायर या कर्जदार आपसे वादा खिलाफी करता है तो आपको अपने तेवर दिखाने चाहिए। आपका इंश्योरेंस एजेंट, शेयर ब्रोकर और बैंक रिप्रेजेंटेटिव आपको बेवकूफ बनाने की कोशिश करे, तो उसके साथ जरा कड़क तरीके से पेश आएं, ताकि आपसे चीटिंग करने की उसकी हिम्मत न हो।

**जरा-सी लालची बनें:** पैसे कमाने, बचाने और इकट्ठा करने के मामले में आपको थोड़ा लालची बनना चाहिए। अपने लक्ष्य प्राप्त करने के लिए या पैसे कमाने के लिए लालची होना जरूरी है। जब पैसों के प्रति आपका लालच खत्म हो जाएगा तो आपकी कमाने और बचाने की आदत कमजोर पड़ती चली जाएगी। इससे आप आर्थिक रूप से कमजोर हो सकती हैं।

**पॉजिटिव जेलसी करें:** कोई कुछ भी कमाए अपने को क्या! ये वैराग्य भाव आपको लक्ष्मी कृपा से वंचित कर सकता है। आपको अपने इर्द-गिर्द मौजूद सफल और समृद्ध लोगों से जेलसी करनी चाहिए, लेकिन यह पॉजिटिव रूप में हो। आपको उनकी वित्तीय आदतों को बारीकी से देखना-समझना चाहिए, उनसे बातचीत करके, उनसे मिलकर उनकी सफलता का सूत्र जानना चाहिए फिर उन आदतों को अपनाना चाहिए।

**जरा शक्की भी बनें:** अपने धन की सुरक्षा और निवेश के प्रति आपको थोड़ा सनकी और शक्की भी होना चाहिए। कहीं भी निवेश करने से पहले चार बार सोचें, चार लोगों से पूछताछ करें। इससे आप आर्थिक नुकसान की आशंका से बची रहेंगी। ❀



कवर स्टोरी / डॉ. मोनिका शर्मा

दूसरों की मदद करना, चिंता करना आपकी संवेदनशीलता का परिचायक है। लेकिन इसके चलते आप अपनी उपेक्षा करें, अपनी खुशियां मारें, आपके अपने जरूरी काम प्रभावित हों और आप हमेशा तनाव से घिरी रहें, ये आपके लिए सही नहीं है। इसलिए अनावश्यक चिंताओं से बचने के लिए कभी-कभी 'आई डोंट केयर' का भाव भी जरूरी है।

## करामाती है आई डोंट केयर

'मुझे कोई फर्क नहीं पड़ता', 'मैं परवाह नहीं करती', 'आई डोंट केयर', ये सिर्फ शब्द भर नहीं हैं। ये हमारे जीवन को गति देने वाले वाक्य हैं। हर मीनमेख को अनदेखी कर आगे बढ़ते जाने का हौंसला देने वाली सोच है। इसे आजकल 'आइडीसी एटिट्यूड' भी कहा जाता है। आमतौर पर नकारात्मक समझे जाने वाले इंसानी व्यवहार के इस पक्ष के कई सकारात्मक पहलू भी हैं। हमें इसे जरूर जानना-समझना चाहिए ताकि हम एक शांत, तनावरहित जीवन जी सकें।

### ऊर्जा बचाती सोच

बहुत सी बातों और बर्ताव की अनदेखी सीधे-सीधे हमारी ऊर्जा बचाती है। कहते हैं कि जिस पल हम लोगों की परवाह करना बंद कर देते हैं, उसी पल से चीजें बेहतर होना शुरू हो जाती हैं। इसीलिए दूसरों को खुश करने की कोशिश में अपना समय बर्बाद करने के बजाय, उनकी आलोचना या मीनमेख निकालने की प्रवृत्ति को अनदेखा करना सबसे सही राह है। यूं भी यह जीवन सिर्फ दूसरों के मन-मुताबिक जीने के लिए नहीं है। जिंदगी, हर बार औरों को खुश करने की कोशिशों में जुटे रहने के लिए नहीं मिली है। समझना मुश्किल नहीं कि अपने हों या पराए, सहकर्मी हों या मित्र। अधिकतर लोगों को, उनकी बातें मानने, उनके अनुसार बर्ताव करने पर ही खुशी मिलती है। दूसरों को खुश रखने का यह फेर सबसे पहले खुद की खुशी छीनता है। इतना ही नहीं, खुद की अनदेखी का यह



व्यवहार मन-मस्तिष्क की ऊर्जा भी सोखता है। इसलिए दूसरों की खुशी के लिए अपनी ऊर्जा न नष्ट करें, अपनी खुशी न मारें।

### अपनी खुशी को अहमियत

कोई भी इंसान हर बार, हर हाल में सबको खुश नहीं रख सकता है। 'आई डोंट केयर' वाले अंदाज के साथ इंसान अपने आपको खुश रख सकता है। इसकी बड़ी वजह यह है कि ऐसे लोग स्पष्टवादी बन जाते हैं। प्रतिक्रिया लेने या देने में कोई लाग-लपेट नहीं करते। अपनी नकली छवि बनाए रखने की कोशिश में समय नहीं गंवाते। लोगों की कही हर बात की परवाह करने वाला इंसान खुद की खुशी के लिए कुछ नहीं कर पाता। ऑस्ट्रेलियाई न्यायविद कैथरीन होम्स के मुताबिक, 'किसी चीज की परवाह करना, आपसे वह काम करवा सकता है, जो आपको नहीं करना चाहिए।' समझना मुश्किल नहीं कि हमेशा दूसरों के अनुसार चलने की सोच, अपने मन को खुशी नहीं दे सकती।

### आत्मविश्वास की सौगात

'आई डोंट केयर' की सोच को आमतौर पर नेगेटिव एंगल से देखा जाता है। जबकि यही सोच असल में जिम्मेदारी का भाव भी लाती है। अपने काम, अपनी सोच और अपने फैसलों के प्रति जिम्मेदारी लेने का मनोबल मिलता है। लोगों की टीका-टिप्पणियों पर गौर न करते हुए, जो रास्ता चुना है, उस पर भरोसे के साथ बढ़ते जाने का जज्बा आता है। 'मुझे कोई परवाह नहीं है' या 'मुझे कोई फर्क नहीं पड़ता', असल में बहुत सी नेगेटिव बातों के लिए मनोवैज्ञानिक मोर्चे पर इंसान का सुरक्षा कवच भी बनता है। बात-बात में मन को ठेस पहुंचाने के हालातों में आगे बढ़ना मुश्किल होता है। ऐसे में दूसरों की ऊल-जुलूल बातों की परवाह ना करना, आत्मविश्वास तो बढ़ाता ही है, अपने सपनों को भी गति देता है। इतना ही नहीं, यह सोच खुद को, दूसरों की जिंदगी में बेवजह दखल देने से भी बचाती है। ❀

### जरूरी है एक संतुलित व्यवहार

**आई डोंट** केयर का यह मतलब नहीं कि हम दूसरों की परवाह बिल्कुल ना करें। दूसरों की परवाह करना गलत नहीं है, लेकिन इसके चलते अपने आपको भूल जाना गलत है। यह हमारे मानसिक स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है, क्योंकि कई बार हम दूसरों की चिंता में तनाव से घिर जाते हैं। इसलिए यह समझना जरूरी है कि दूसरों की मूल्यवान सलाह या परिवार-घनिष्ठ मित्रों की राय हमेशा नजरअंदाज करना भी सही नहीं है। इसमें कोई दो राय नहीं कि दूसरे का ध्यान रखने के पीछे संवेदनशीलता और इंसानियत की सोच रहती है। जब भी, जिस परिस्थिति में भी किसी को सहायता की जरूरत होती है, संवेदनशील मन दूसरों की मदद करने में नहीं चूकता। बात-बात में खुद का मन ना दुखाने की सोच रखने वाले इंसान में अपनों की चिंता और परायों की परेशानी समझने का केयरिंग भाव भी कम नहीं होता। ऐसे लोग कभी किसी को पीड़ा नहीं पहुंचाते। साथ ही तकलीफ के दौर में साथ देने का भाव भी रखते हैं। इसलिए एक संतुलित व्यवहार रखना जरूरी है। इस व्यावहारिक सोच में स्वयं को बेवजह की परेशानियों से बचाने के साथ ही, औरों के मन को समझना भी जरूरी है।

बिहेवियर / मेघा राठी

## शिकायत सुनकर नाराज ना हों

रिश्तों में कभी-कभार शिकायत होना कोई बड़ी बात नहीं। अगर किसी संबंधी ने कोई शिकायत की है तो इसमें नाराज ना हों। शिकायत की वजह समझ कर अपने रिश्तों को बनाए रखना चाहिए।

यह गलत नहीं कहा जाता कि जब तक कोई शिकायत कर रहा है, तब तक यह मान कर चलिए कि उसका संबंध आपसे जुड़ा हुआ है और यदि वह शिकायत करना बंद कर दे तो समझ जाइए कि अब उसका जुड़ाव आपसे खत्म हो चुका है।

**समझें शिकायतकर्ता के मन की बात:** हमें यह समझना चाहिए कि शिकायत करने वाला व्यक्ति हमसे संबंध बनाए रखना चाहता है, इसलिए वह अपनी बातें हमारे सामने रखना चाहता है। हो सकता है कि उसके कहने का ढंग गलत हो, लेकिन क्रोध, आवेग या अभिमान में शिकायत को अनदेखा-अनसुना करना या बहस करके व्यक्ति को चुप करा देना सही नहीं है। वर्षों पुराने अपने रिश्ते इतनी आसानी से नहीं खत्म किए जाने चाहिए। इनका मान रखना चाहिए।

**शिकायत का कारण समझें:** जब भी कोई शिकायत करे तो एक बार ठंडे दिमाग से शिकायत के कारण को समझने का प्रयास जरूर करें। जरूरी नहीं कि हम सही ही हों। हमारे नजरिए से जो काम या बातें सही लग रही हैं, वे दूसरे व्यक्ति को तकलीफ पहुंचा रही हों। शिकायत आने पर दूसरे पहलू को भी समझने का प्रयत्न करें, दूसरे व्यक्ति का पक्ष भी जानें, इसके बाद किसी निर्णय पर पहुंचें। जल्दबाजी में लिए निर्णय गलत भी हो सकते हैं, इससे बाद में हमें अपने निर्णय से पछतावा होगा।

### बातचीत का रास्ता ना करें बंद

क्रोध में आकर संबंधों को खत्म करने से बेहतर है कि हम शांतिपूर्ण बात का रास्ता अपनाएं। हो सकता है, शिकायत किसी भ्रम के कारण उपजी हो या शिकायतकर्ता स्थिति को समझने, स्वीकार करने में



असमर्थ हो। इन परिस्थितियों में बातचीत के माध्यम से शिकायत को दूर किया जा सकता है। अपने रिश्तों को बनाए रखा जा सकता है।

**शिकायत के उद्देश्य को समझें:** हमें यह समझना चाहिए कि शिकायत का उद्देश्य हमेशा गलत नहीं होता है, ना ही दूसरे व्यक्ति को नीचा दिखाना होता है। यदि उद्देश्य गलत नहीं है तो शिकायत को स्वयं के लिए सिरदर्द समझना या तनाव में आना उचित नहीं है। यहां यह समझना भी जरूरी है कि शिकायत के कारण उपजी झुंझलाहट, नाराजगी अधिक महत्वपूर्ण है या व्यक्ति से संबंध, इसके बाद ही निर्णय लीजिए कि किसका साथ देना है और किसका छोड़ना है? यह भी विचार कर लें कि कहीं हम ही अनजाने में बार-बार अपने संबंधी को शिकायत करने का अवसर तो नहीं दे रहे हैं।

**पॉजिटिव रुख अपनाएं:** शिकायतों के प्रति स्वस्थ दृष्टिकोण अपनाया जाए तो यह हमेशा बुरी नहीं होती बल्कि यह हमें स्वयं के व्यक्तित्व विश्लेषण का अवसर देती हैं। साथ ही दूसरे व्यक्ति के व्यक्तित्व को भी समझने का मौका भी देती है। इसको व्यक्तित्व विकास के एक पाठ के रूप में स्वीकार करना चाहिए, किंतु शिकायत का उद्देश्य यदि सही नहीं है, अपमान करना या हानि पहुंचाना है, तब ऐसी शिकायतों पर कठोर कदम जरूर उठाना चाहिए। ❀

मेडिकल सजेशन
डॉ. अंशु जिंदल, स्त्री रोग विशेषज्ञ

प्रेग्नेंसी पीरियड में कुछ महिलाएं कूल्हों के दर्द से बहुत परेशान रहती हैं। इससे बचाव और राहत पाने के लिए यहां दिए जा रहे सजेशन बहुत यूजफुल हो सकते हैं।

## प्रेग्नेंसी में कूल्हों का दर्द ऐसे करें बचाव-उपचार

प्रेग्नेंसी के दौरान महिलाओं को कई तरह की दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। उनमें से ही एक है कमर या कूल्हे की हड्डी या दोनों पैरों के बीच में दर्द होना। कई बार तो इतना असहनीय दर्द रहता है कि चलने, उठने-बैठने में भी मुश्किल होने लगती है। यहां तक कि महिलाएं घर के काम भी आसानी से नहीं कर पाती हैं।

**दर्द का कारण:** ऐसे दर्द के कई कारण हो सकते हैं। प्रेग्नेंसी के दौरान महिलाओं में बहुत तेजी से शारीरिक बदलाव होते हैं। मांसपेशियां स्ट्रेच करने लगती हैं, लिगामेंट्स फ्लेक्सिबल होने लगती हैं। उनके गर्भ का आकार और भार धीरे-धीरे बढ़ रहा होता है, जिसकी वजह से उन्हें दर्द महसूस होता है। डिलीवरी का समय आने पर यह दर्द ज्यादा बढ़ जाता है। शरीर में हार्मोनल बदलाव, कैल्शियम, प्रोटीन जैसे पोषक तत्त्वों की कमी भी इस दर्द का कारण हो सकता है।

**बचाव के उपाय:** अगर महिलाएं कुछ बातों का ध्यान रखें तो वे प्रेग्नेंसी के दौरान कूल्हों में होने वाले असहनीय दर्द से बच सकती हैं।

- बहुत देर तक खड़े होकर कोई काम न करें। इससे गर्भ का भार नीचे की ओर



पड़ेगा और शरीर के निचले हिस्से यानी पेल्विक और कूल्हे के आस-पास दर्द ज्यादा बढ़ सकता है।

- कोई भारी-भरकम सामान न उठाएं या ऐसा काम न करें, जिसमें आपको 5 किलो से ज्यादा वजन उठाना पड़े।
- जहां तक संभव हो प्रेग्नेंसी के दौरान सीढ़ियों पर चढ़ने-उतरने से बचें।
- पोषक और संतुलित आहार का सेवन करें क्योंकि प्रेग्नेंसी के दौरान शरीर में काफी कमजोरी आ जाती है। प्रोटीन ज्यादा मात्रा में लें। खाना सही समय पर, ताजा और घर का बना ही खाएं।
- कई मेडिकल एक्सपर्ट्स मानते हैं कि शरीर में दर्द का संबंध डिहाइड्रेशन यानी शरीर में पानी की कमी से भी होता है। इससे बचने के लिए दिन में 8-10 गिलास पानी जरूर पीना चाहिए। ज्यादा से ज्यादा लिक्विड डाइट लेनी चाहिए, जैसे- विटामिन सी वाले फल, जूस, छाछ, नारियल पानी पीना फायदेमंद है।
- प्रेग्नेंट महिलाओं को कैल्शियम की कमी को पूरा करने के लिए रोजाना सुबह-शाम दूध जरूर पीना चाहिए। डॉक्टर से परामर्श कर कैल्शियम सप्लीमेंट्स भी ले सकती हैं।

**ऐसे मिलेगा आराम:** कूल्हे के दर्द से राहत पाने के लिए प्रेग्नेंट महिलाएं कुछ बातों पर गौर कर सकती हैं।



- रोजाना नारियल तेल या फिर सरसों का तेल लगाकर हल्के हाथों से मसाज करना फायदेमंद है। अपनी क्षमता के अनुसार हल्की-फुल्की एक्सरसाइज या वॉक करें।
- सोते समय करवट लेकर सोना चाहिए और दोनों पैरों के बीच तकिया लगाकर सोएं। इससे यूटेरस और कूल्हों पर कम प्रेशर पड़ेगा। इसी तरह कुर्सी या सोफे पर बैठते समय पीछे तकिया लगाकर बैठें।
- यथासंभव वेस्टर्न टॉयलेट का इस्तेमाल करें, क्योंकि इंडियन टॉयलेट में नीचे बैठने पर दर्द बढ़ सकता है।
- झटके से उठना-बैठना अवॉयड करें। इससे दर्द बढ़ सकता है। ❀

**प्रस्तुति:रजनी अरोड़ा**

रेसिपी
ओम प्रकाश गुप्ता

तपिश भरी गर्मी से राहत पाने के लिए बार-बार कुछ ठंडा खाने का मन करता है। इसीलिए हम आपको बता रहे हैं, आसानी से बनने वाली कुछ टेस्टी कुल्फी की रेसिपी।

## हॉट सीजन-चिल्ड कुल्फी

### आड़ू कुल्फी



**सामग्री:** पके आड़ू-2, फुल क्रीम दूध-1 लीटर, मिल्क पावडर-2 बड़े चम्मच, पिसी चीनी-6 बड़े चम्मच, ताजा क्रीम-2 बड़े चम्मच

**विधि:** पहले आड़ुओं का गूदा निकालकर मिक्सी में पीसकर पेस्ट बनाएं। एक बर्तन में दूध को आधा रहने तक पकाएं। इसमें चीनी, आड़ू पेस्ट और मिल्क पावडर मिलाकर फेंटें। मिश्रण को कुल्फी के सांचों में भरकर 6-7 घंटे के लिए फ्रिजर में रखें। सांचों से निकालकर तुरंत सर्व करें। ❀

### अंजीर-दही कुल्फी



**सामग्री:** सूखे अंजीर-4 (3-4 घंटे पानी में भीगे), चक्का दही-300 ग्राम, ठंडा दूध-आधा कप, बादाम चूरा-1 बड़ा चम्मच, पिसी चीनी-2 बड़े चम्मच, वनिला एसेंस-आधा छोटा चम्मच, कटे बादाम-2 छोटे चम्मच

**विधि:** भीगे अंजीरों को मिक्सी में पीसकर पेस्ट बना लें। बादाम चूरा छोड़कर शेष सारी सामग्री इसके साथ अच्छी तरह मिलाएं। अब इस मिश्रण को कुल्फी मोल्ड्स में डालकर 6 से 8 घंटों के लिए फ्रिजर में रखें। जमने पर कुल्फियों को मोल्ड्स से निकालें और बादाम चूरा बुरक कर सर्व करें। ❀

### ब्लैक करेंट कीवी कुल्फी



**सामग्री:** ब्लैक करेंट (काले अंगूर) क्रश-2 बड़े चम्मच, कीवी क्रश-2 बड़े चम्मच, फुल क्रीम दूध-1 लीटर, मिल्क पावडर-2 बड़े चम्मच, पिसी चीनी-4 बड़े चम्मच

**विधि:** पहले दूध को मोटे तले के बर्तन में उबालें और चलाते हुए आधा रहने तक पकाएं। इसमें पिसी चीनी और मिल्क पावडर मिलाएं और ठंडा करके दो भागों में बांट लें। एक भाग में एक बड़ा चम्मच पानी और कीवी क्रश मिलाएं, दूसरे में केवल ब्लैक करेंट क्रश मिलाएं। अब कुल्फी मोल्ड्स में कीवी मिश्रण आधा-आधा भरें फिर ब्लैक करेंट मिश्रण इनके ठीक बीच में डालें। इन मोल्ड्स को 7-8 घंटे के लिए फ्रिजर में रखें। जमने पर निकालें और काटकर सर्व करें। ❀

आपकी खूबसूरती तब और बढ़ जाती है, जब लिप्स सॉफ्ट-पिंक हों। लेकिन किसी वजह से अगर आपके लिप्स डार्क दिखने लगें तो आप कुछ इफेक्टिव होम रेमिडीज अप्लाई कर सकती हैं।

## जब लिप्स दिखने लगें डार्क आजमाएं ईजी होम रेमिडीज





केयर
शहनाज हुसैन
कॉस्मेटोलॉजिस्ट

तेज धूप, शरीर में पानी की कमी और बार-बार होंठों पर जीभ फेरने से कई बार इनका कलर डार्क दिखने लगता है। इसके अलावा शरीर में खून की कमी, अस्त-व्यस्त जीवनशैली, ज्यादा चाय, कॉफी पीने से भी होंठ काले पड़ जाते हैं। यही नहीं ज्यादा लिपस्टिक लगाने से भी लिप्स का कलर डार्क हो सकता है। वजह कोई भी हो, डार्क लिप्स अच्छे नहीं लगते हैं। इनसे छुटकारा पाने के लिए आप कुछ ईजी-इफेक्टिव होम रेमिडीज अपना सकती हैं।



**लिप्स स्क्रब :** डार्क लिप्स को सॉफ्ट और पिंक बनाने के लिए स्क्रब का यूज कर सकती हैं। इसे बनाने के लिए आपको आधा चम्मच मलाई में एक चौथाई चम्मच चीनी और आधा चम्मच नीबू का रस मिलाना होगा। इसे अच्छी तरह मिक्स कर होंठों पर हल्के से स्क्रबिंग करें।

**खीरे का जूस :** लिप्स कलर को ग्लोइंग बनाने में खीरा भी इफेक्टिव होता है। इसके लिए खीरे का जूस बनाकर फ्रिज में रख दीजिए। इस जूस को रुई की मदद से होंठों पर लगाकर छोड़ दें और कुछ समय बाद ताजे पानी से धो डालिए। खीरे में मौजूद विटामिन ए और सी होंठों के कालेपन को दूर करने में असरदार साबित होते हैं। खीरे का जूस एंटीऑक्सीडेंट्स और सिलिका रिच कंपाउंड्स से भरपूर होता है। ये कंपाउंड्स, पिगमेंटेशन को कम कर होंठों के डार्क कलर को लाइट करते हैं।



**नीबू-शक्कर पेस्ट ब्लीचिंग :** नीबू में कई ऐसे तत्व पाए जाते हैं, जो ब्लीचिंग की तरह काम करते हैं। इस गुण की वजह से होंठों के कालेपन को दूर करने में नीबू काफी मददगार होता है। एक कांच की कटोरी में एक चम्मच शक्कर और एक चम्मच नीबू के रस को मिला लें। शक्कर थोड़ी पिघल जाने पर इसमें आधा चम्मच शहद को मिला लें। इससे केवल अपने चेहरे को साफ कर लें और इसके बाद ताजे पानी से धोकर होंठों को सुखा लें। कुछ देर बाद केवल होंठों पर इस पेस्ट को लगाकर लगभग 30 मिनट के लिए छोड़ दें। इसके बाद होंठों को पानी से साफ कर लें और लिप बाम लगा लें। इसे रोजाना करने से आपके होंठों की रंगत में कुछ ही समय में असर दिखने लगेगा।



**हल्दी-मलाई पेस्ट :** हल्दी और मलाई का पेस्ट बनाकर रात में सोने से पहले होंठों पर हल्की-हल्की मसाज करें। हल्दी में एंटीबैक्टीरियल और एंटीइंफ्लेमेंटरी गुण मौजूद होते हैं, जो होंठों के कालेपन के साथ, फटे होंठों की समस्या को भी दूर करते हैं। मलाई, होंठों को पोषण देकर इसकी रंगत को निखार देगी। रात के समय होंठों पर शुद्ध देसी घी लगाकर सोने से भी होंठ नरम और गुलाबी हो जाते हैं।

**एलोवेरा जैल :** एलोवेरा जैल भी होंठों को निखारने में कारगर है। दिन में कभी भी आप अपने होंठों पर एलोवेरा जैल लगा सकती हैं। एलोवेरा में एंटीइंफ्लेमेट्री गुण होते हैं, जो होंठों के रंग को डार्क होने से रोकता है। ❀

## खबर संक्षेप



### कार सवार 19 किलो डोडापोस्त सहित काबू

**सिरसा।** हरियाणा रा'य नाकार्ेटिक्स कंट्रोल ब्यूरो यूनिट सिरसा ने कार चालक को 19 किलो डोडापोस्त सहित काबू किया है। आरोपी की पहचान करण ढिल्लों उर्फ गेवी पुत्र जितेंद्र पाल निवासी पनिहारी हाल निवासी फ्रेंड्स कॉलोनी सिरसा के रूप में हुई है। आरोपी के खिलाफ सिविल लाइन थाना सिरसा में मादक पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी गई है। उन्होंने बताया कि पकड़े गए आरोपी पर पहले भी एनडीपीएस के मामले दर्ज हैं।

### उद्घघोषित आरोपित गिरफ्तार

**हांसी।**पुलिस द्वारा जिला भर में उद्घघोषित आरोपी, बेल जंपर के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पीओ स्टाफ हांसी पुलिस ने उद्घघोषित आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी की पहचान सिसाय बोलान निवासी कृष्ण के रुप मे हुई।

### सट्टा खाईवाली करते दो आरोपी गिरफ्तार

**हांसी।** शहर थाना हांसी पुलिस ने दो अलग-अलग स्थानों पर सरेआम सट्टा खाई वाली कर रहे 2 व्यक्तियों को 3730 रुपये की नगदी के साथ गिरफ्तार किया गया है। पुलिस प्रवक्ता कुलदीप सिंह ने बताया कि पुलिस ने मौके पर पहुंच आरोपी संजु को रंगे हाथों गिरफ्तार कर उसके पास से 2370 रुपये बरामद किए। वहीं शेखपुरा चौकी पुलिस ने शेखपुरा निवासी देव को 1360 रुपये के साथ रंगे हाथ गिरफ्तार किया।

### महिला समिति ने की जेपी के बयान की निंदा

**हिसार।**जनवादी महिला समिति ने हिसार के कांग्रेसी सांसद जयप्रकाश द्वारा महिलाओं के विरासत संबंधी बयान की कड़ी निंदा की है। उन्होंने उनके बयान को निंदनीय बताते हुए कहा कि जयप्रकाश को महिलाओं से माफी मांगते हुए अपना बयान वापिस लेना चाहिए।



### 2 किलो गांजा के साथ एक गिरफ्तार

**हांसी।** पुलिस अधीक्षक मकसूद अहमद के दिशा निदेर्शानुसार जिला भर में नशा मुक्त भारत पखवाड़ा के दौरान नशीले पदार्थों का व्यापार करने वालों पर प्रभावी कार्रवाई करते हुए एएनसी स्टाफ हांसी पुलिस ने एक व्यक्ति को 1 किलो 970 ग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान मोठ रांगडान निवासी सतपाल उर्फ सत्तू के रुप में हुई।

## हवन के साथ मनाया गया स्थापना दिवस

# एमएम कॉलेज ने देश को दिए अनेक बहुमूल्य रत्न : मेहता

- एमएम कॉलेज ने किया 55वें वर्ष में प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

शहर का प्रमुख उच्च शिक्षण संस्थान मनोहर मैमोरियल पीजी कॉलेज आज 55वें वर्ष में प्रवेश कर गया। कॉलेज का स्थापना दिवस आज धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर कॉलेज में हनुमान चालीसा का पाठ किया गया वहीं क्षेत्र की सुख-समृद्धि को लेकर हवन यज्ञ भी किया गया। हवन यज्ञ में मुख्य यजमान के तौर पर एमएम एजुकेशन सोसायटी के चेयरमैन आत्मप्रकाश बत्रा व उनकी धर्मपत्नी संतोष बत्रा तथा प्रधान राजीव बत्रा व उनकी धर्मपत्नी रमिता बत्रा ने भाग लिया और पूर्णाहूति डाली।

इस अवसर पर एमएम एजुकेशन सोसायटी के महासचिव विनोद मेहता एडवोकेट, उपप्रधान अशोक कुमार तनेजा, एमएमए कॉलेज आफ एजुकेशन के उपप्रधान संजीव बत्रा, सदस्य सतपाल अरोड़ा, सुदर्शन बत्रा, सुनील चौधरी, एमएम बीएड कॉलेज प्राचार्या डॉ. जनक रानी, प्रो. आरके कौशिक रिटायर्ड के अलावा कॉलेज के समस्त टीचिंग व नॉन टीचिंग स्टाफ सदस्य मौजूद रहे। कॉलेज प्राचार्य डॉ. गुरचरण दास ने आए हुए अतिथियों का स्वागत किया और कॉलेज की अब तक की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला।



**फतेहाबाद।** एमएम कॉलेज के स्थापना दिवस पर आयोजित हवन में भाग लेते मैनेजमेंट सदस्य।

### कॉलेज ने हर क्षेत्र में परचम लहराया

सचिव विनोद मेहता व उपप्रधान अशोक तनेजा ने स्टाफ सदस्यों व विद्यार्थियों को कॉलेज के ऐतिहासिक 54 वर्ष पूर्ण होने पर बधाई दी और कहा कि उनके पूर्वजों द्वारा क्षेत्र में शिक्षा के प्रचार-प्रसार को लेकर एमएम कॉलेज रूपी जो पौधा लगाया गया था, अब वह पौधा एक वट वृक्ष का रूप ले चुका है। जिस उद्देश्य से इस कॉलेज की स्थापना की गई थी, आज वह उद्देश्य सार्थक होता नजर आ रहा है। उन्होंने कहा कि 54 वर्ष के लंबे सफर के दौरान इस कॉलेज ने देश को अनेक ऐसे रत्न दिए हैं, जिन्होंने शिक्षा, खेल, सांस्कृतिक सहित अनेक क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए फतेहाबाद और प्रदेश का नाम रोशन किया है। कॉलेज प्राचार्य डॉ. गुरचरण दास ने कहा कि आज इस कॉलेज परिवार का सदस्य होने पर उन्हें गर्व की अनुभूति हो रही है। उन्होंने कहा कि कॉलेज मैनेजमेंट द्वारा दिए जा रहे सहयोग और स्टाफ सदस्यों की मेहनत की बदौलत आज कॉलेज ने हर क्षेत्र में अपनी परचम लहराया है। कॉलेज में एडमिशन प्रक्रिया चल रही है और विद्यार्थियों में इसको लेकर काफी उत्साह नजर आ रहा है। इस साल से कॉलेज में बीबीए का नया कोर्स भी शुरू किया गया है और जल्द ही नैक द्वारा भी इस कॉलेज को एक्रिडिटेशन मिल जाएगी।

# प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत 40 से 60 प्रतिशत मिलेगी वित्तीय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

किसानों और मछली पालन का धंधा करने वाले लोगों के लिए प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना आर्थिक स्थिति मजबूत करने में वरदान सिद्ध हो रही है। योजना के तहत 40 से 60 प्रतिशत वित्तीय सहायता का प्रावधान किया गया है। उपायुक्त राहुल नरवाल ने बताया कि मछली पालन से किसानों की आय बढ़ रही है।

झींगा मछली पालन से 5 से 6 लाख रुपये प्रति एकड़ तक आमदनी होती है। उन्होंने बताया कि जिला में उन गांवों के लोगों को मत्स्य पालन के प्रति प्रोत्साहित किया जा रहा है, जिन गांवों में बरसात के पानी के ठहराव होता है या भूमि बंजर है।

### यूनिट लगाने से पहले प्रशिक्षण अवश्य लें

उपायुक्त राहुल नरवाल ने बताया कि प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत 60 प्रतिशत सभी वगार्ें की महिलाओं व अनुसूचित जाति को तथा 40 प्रतिशत सामान्य व ओबीसी को अनुदान प्रदान किया जाता है। इस योजना के तहत प्रार्थी निजी भूमि में या पट्टे पर भूमि लेकर मछली फीड हैचरी, तालाबों के निर्माण, बायाफेलाक, आरएएस, फीड मिल, कोल्ड स्टोर आदि लगाने पर विभाग से वित्तीय एवं तकनीकी सहायता प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि मत्स्य विभाग द्वारा प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना तथा अन्य विभागीय योजनाओं के लिए किसानों को जागरूक करते हुए समय-समय पर प्रशिक्षण भी दिया जाता है। यूनिट लगाने से पहले प्रशिक्षण अवश्य लें तथा मिट्टी व पानी की टेस्टिंग अवश्य रूप से करवाएं ताकि यूनिट कामयाब हो सके।

### जिला में दो स्थानों से मोटरसाइकिल चोरी

**सिरसा।** जिला में अलग-अलग स्थानों से चोर दो मोटरसाइकिल चोरी कर ले गए। पुलिस को दी शिकायत में पहले मामले में मीरपुर कॉलोनी निवासी आत्मप्रकाश ने बताया कि बीती 22 जून की रात को उसने अपने घर के बाहर मोटरसाइकिल खड़ी की थी। कुछ देर बाद संभाला तो बाइक गायब मिली। दूसरे मामले में गांव जमाल निवासी सुनील कुमार ने बताया कि बीती 22 जून की शाम को वह चोपटा में सर्विस स्टेशन पर गया था। बाइक खड़ी कर वह काम से चला गया। कुछ देर बाद आया तो बाइक गायब मिली। उन्होंने अपने स्तर पर आसपास के लोगों से पूछताछ की, लेकिल कोई सुराग नहीं लगा, जिसपर पुलिस को सूचित किया गया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्जकर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

## गुलाबी सुंडी से बचाव के लिए किसान अभी से करें अपने खेत की निगरानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

सहायक पौधा संरक्षण अधिकारी डॉ. जागीर सिंह ने जिला के किसानों से अपील की है कि यदि उनके खेत में कपास की लकड़ियों के ढेर शेष बचे हुए है तो उन्हें झाड़ कर उनमें उपस्थित अधखिदे टिंडों को नष्ट कर दें ताकि उनमें छिपी गुलाबी सुंडी नष्ट हो सके। उन्होंने बताया कि विभाग द्वारा नवंबर से मार्च तक कपास की लकड़ियों के प्रबंधन बारे किसानों को जागरूक किया गया था। कृषि विकास अधिकारी डॉ. अंकित ढिल्लों ने कहा कि किसान गुलाबी सुंडी की निगरानी कपास की बुवाई के 35-40 दिन बाद से ही लगातार करें। इसके लिए 2 फेरोमोन ट्रैप प्रति एकड़ लगाए और इनमें फंसने वाले गुलाबी सुंडी के पतंगों की गिनती 3 दिन के अंतराल पर करे। गुलाबी सुंडी का पतंगा छोटा भूरे रंग का काले धब्बों वाला होता है। जून से मध्यम अगस्त तक अगर 12-15 पतंगे प्रति ट्रैप तीन दिन में आते हैं तथा फसल में डोडी आ गई है तो कीटनाशक के छिड़काव की आवश्यकता है। इसके लिए पहला छिड़काव नीम आधारित कीटनाशक का 5 मिलीलीटर मात्रा प्रति लीटर पानी के हिसाब से करे। कपास की शुरुवाती अवस्था में ज्यादा जहरीले कीटनाशकों का प्रयोग ना करे, ऐसा करने से मित्र कीटों की संख्या कम हो सकती है तथा रस चूसने वाले कीड़ों की संख्या बढ़ सकती है। कपास की फसल 60 दिन की होने के बाद अगर गुलाबी सुंडी का परकोप फलिय भागों पर दिख रहा है तो दूसरा छिड़काव प्रोफिनोफोस 50 ईसी की 3 मिलीलीटर मात्रा प्रति लीटर पानी के हिसाब से करे।

# बाजारों, सड़कों पर होता है बेसहारा पशुओं का कब्जा

- वाहन चालकों को आवागमन में हादसों का बना डर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना

शहर में निरंतर बढ़ रही बेसहारा पशुओं की संख्या वाहन चालकों के लिए हादसे का कारण बन रही है। सबसे अधिक परेशानी रात को आवागमन के दौरान होती है। रजबाहा रोड, रेलवे रोड, लितानी रोड के अलावा अन्य मागार्ें पर बेसहारा पशुओं के झूंड नजर आते है। वाहन चालक बार-बार इनको पकड़ कर गौशाला में छोड़ने की मांग कर चुके है ताकि किसी तरह की घटना आवागमन में होने से वाहन चालक बच सकें। वाहन चालक राजेश, सुरेश, अनिल ने कहा कि निरंतर बेसहारा पशुओं की संख्या बाजारों में बढ़ रही है। बीते दिनों नपा द्वारा बेसहारा पशुओं को पकड़वाने के लिए ठेका भी दिया था। बाजारों, प्रमुख मागार्ें पर बेसहारा पशुओं के झूंड नजर आते है। रात को सफर में सबसे अधिक परेशानी होती है जब काले रंग का पशु सड़क पर हो तो दिखाई नहीं देता है। एकाएक दिखाई देने पर हादसा होने का डर रहता है। प्रशासन को चाहिए बेसहारा पशुओं को पकड़वा कर गौशालाओं में छोड़े ताकि वाहन चालकों का जो सफर है वो आसान हो सकें।



**उचाना।** रजबाहा रोड पर नजर आ रहे रात को बेसहारा पशु।

### रिश्तों के संबंध केवल खून से नहीं होते है

**उचाना ।** पुरानी मंडी स्थित तेरापंथ भवन में चल रहे प्रवचनों में साध्वी महिमा श्री ने कहा कि रिश्तों के संबंध केवल खून से नहीं होता है। मुसीबत में जो हाथ थाम ले उससे बड़ा कोई रिश्ता नहीं होता है। जब जरूरत होती है जीवन में जो अपने होते है वो साथ नहीं दे तो कैसा अपनापन। मुसीबत जीवन में आने पर जो साथ देता है वो ही अपना होता है। जीवन में बुरा समय भी आना जरूरी है क्योंकि इससे अपने-पराए की परख हो जाती है। अच्छे वक्त में तो सब साथ दे सकते है लेकिन पता जब चलता है जब बुरा वक्त हो और साथ देने वाले पास खड़े हो। रंग का काला हो तो सही है लेकिन मन का काला नहीं होना चाहिए। मन का जो काला होता है ऐसे लोगों से बचना चाहिए।

# हिसार में बनेगा नया बस स्टैंड व सामान्य अस्पताल

- दोनों परियोजनाओं के लिए स्काडा जलघर के पास 52 एकड़ जगह चिन्हित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

जिले के नागरिकों की नया बस स्टैंड तथा महाराजा अग्रसेन नागरिक अस्पताल भवन बनवाने की वर्षों पुरानी मांग अब पूरी होने जा रही है। अगले दो माह के अंदर दोनों विकास परियोजना की आधारशिला रखी जाएगी, जिसके लिए तमाम कागजी कार्रवाई तेजी से पूरी की जा रही है। नया बस अड्डा तथा महाराजा अग्रसेन नागरिक अस्पताल के भवन निर्माण के लिए शहर में स्काडा जल घर के पास 52 एकड़ जमीन चिन्हित की गई है। महाराजा अग्रसेन नागरिक अस्पताल तथा बस अड्डे की इमारत जहां अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित होगी वही इन्हें वास्तुकला के हिसाब से तैयार करवाया जाएगा।

### विद्यार्थियों को भी मिलेगा फायदा

बस स्टैंड के लिए जो जगह चिन्हित की गई है उसके निकट गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय सहित कई शिक्षण संस्थान स्थित है। इनमें राजकीय महिला महाविद्यालय, राजकीय पॉलिटेक्निक, डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल भी शामिल है। इन शिक्षण संस्थानों में जिला व राज्य भर से विद्यार्थी अध्ययन करने के लिए आते हैं उनको इस बस स्टैंड से काफी फायदा मिलेगा। इसी प्रकार से नए महाराजा अग्रसेन नागरिक अस्पताल का भी आमजन को फायदा मिलेगा। अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त अस्पताल के बनने से मरीज को सहूलियत मिलेगी।

### सिरसा-दिल्ली-भिवानी जाने वाले यात्रियों का बचेगा समय

सिरसा-दिल्ली-भिवानी व अन्य कई शहरों में जाने वाले यात्रियों को अब जाम की स्थिति से दो-चार नहीं होना पड़ेगा। राष्ट्रीय राजमार्ग से निकटता के कारण यात्रियों के समय की बचत होगी क्योंकि बस अब सीधी अपने गंतव्य की ओर प्रस्थान कर सकेंगी।

## ओबीसी समाज के लिए सीएम की घोषणाओं का किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

माता सावित्रीबाई एजुकेशनल वैल्फेयर सोसायटी के अध्यक्ष गुरदीप सैनी, महासचिव महेंद्र सिंह सैनी, सचिव अनिल सैनी सहित अनेक संगठनों ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का पिछड़ा वर्ग की मांगों को पूरा करने के फैसले का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि हरियाणा के ओबीसी समाज के लिए मुख्यमंत्री नायब सिंह ने घोषणाओं का पिटारा खोल दिया है। यही नहीं क्रीमिलेयर की वार्षिक आय सीमा को बढ़ाकर किया 8 लाख रुपए कर दिया है, इससे नौकरियों में ओबीसी वर्ग को बड़ा लाभ मिलेगा। इसके साथ-साथ गुरप-ए और गुरप-बी के पदों में पिछड़े वगार्ें के 15 प्रतिशत आरक्षण को बढ़ाकर 27 प्रतिशत करना भी स्वागत योग्य कदम है। नौकरियों में पिछड़ा वर्ग-ए और बी के बैकलॉग को प्राथमिकता के आधार पर भरा जाएगा। वहीं कंबोज सभा की तरफ से प्रेम कंबोज रिटायर्ड प्रिंसिपल रोशन कंबोज व सुरेश कंबोज ने भी इस घोषणा का स्वागत किया। इसी प्रकार हरियाणा लखेरा महासभा जिला सिरसा के संरक्षक सुनील वर्मा, अश्विनी कुमार प्राध्यापक ने भी इस घोषणा को प्रशंसनीय बताया। जिला कुम्हार सभा सिरसा के सचिव मदन वर्मा प्रवक्ता व यादव सभा जिला सिरसा के अध्यक्ष लालाराम यादव व रिटायर्ड डीएसपी सूरत सिंह यादव ने भी सरकार के इस कदम की खुले मन से प्रशंसा की।

# पुस्तकालय बन कर तैयार हुआ

- आसपास के छह से अधिक गांवों की छात्राओं का होगा फायदा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना

स्वतंत्र समूह सेवा समिति, कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय पूर्व छात्र एसोसिएशन एवं ग्रामीणें की मीटिंग सुदकैन कलां के राजकीय स्कूल में हुई। छात्राओं की कोचिंग के लिए बनाए जाने वाले सुभाष चंद्र बोस महिला पुस्तकालय (लाइब्रेरी) जिसका निर्माण लगभग पूरा हो चुका है उसको चलाने के लिए कमेटी के गठन को लेकर चर्चा हुई। जुलाई माह में लाइब्रेरी का उद्घाटन, रक्तदान शिविर एवं पौधरोपण, शहीद परिवार सम्मान समारोह का आयोजन सुदकैन कलां में होगा। कार्यक्रम में गांव के जो अधिकारी, कर्मचारी के अलावा बिजनमैन है सभी को इस आयोजन को लेकर सभी निमंत्रण दिया जाएगा। समिति चेयरमैन प्रदीप मोर एवं समिति प्रधान कृष्ण श्योकंद ने बताया कि करीब आठ लाख रुपए समिति द्वारा खर्च करके छात्राओं के लिए पुस्तकालय का निर्माण किया गया है। अब छात्राओं को प्रतियोगिती परीक्षाओं के लिए कोचिंग लेने के लिए गांव से दूर नहीं जाना पड़ेगा।



**उचाना।** सुदकैन कलां में आयोजित मीटिंग को संबोधित करते हुए कृष्ण श्योकंद।

## ट्रैक्टर चालक के अचानक कट मारने से टकराई बाइक, युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

गांव भिरड़ाना के पास देर रात हुए सड़क हादसे में बाईक सवार एक युवक की मौत हो गई। ट्रैक्टर-ट्राली के चालक द्वारा अचानक कट मारने से बाईक उससे जा टकराया और एक युवक की जान चली गई जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई और मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस को दी शिकायत में गांव भिरड़ाना निवासी लक्ष्मण सिंह ने कहा है कि उसका लड़का गोल्डी बोरिंग मशीन का काम करता था। गत दिवस वह अपने दोस्त हरबंस उर्फ बंसी निवासी भिरड़ाना के साथ काम के सिलसिले में फतेहाबाद आए थे। रात को दोनों मोटरसाइकिल पर सवार होकर फतेहाबाद से वापस गांव भिरड़ाना आ रहे थे। जैसे ही वे भूना रोड पर गांव बरसीन के शिव मंदिर के पास पहुंचे तो उनके आगे एक ट्रैक्टर-ट्राली जा रहा था। जैसे ही उन्होंने ट्रैक्टर-ट्राली को क्रॉस करने की कोशिश की तो ट्रैक्टर चालक ने लापरवाही बरतते हुए एकदम कट मार दिया जिससे उनका मोटरसाइकिल ट्रैक्टर-ट्राली से जा टकराया और दोनों युवक सड़क पर गिरकर घायल हो गए। बाद में दोनों को उपचार के लिए फतेहाबाद के सरकारी अस्पताल में भर्ती करवाया गया जहां चिकित्सकों ने गोल्डी को मृत घोषित कर दिया।

# दस दिन में रद नहीं हुआ टेंडर तो लगेगा धरनाः सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

नगरपरिषद सिरसा के अधिकारियों द्वारा नियमों को ताक पर रखकर शहर में बने सरकारी होडिंग्र्स का ठेका चहेतों को दिए जाने के आरोप में समाजसेवी गुरलाल सिंह ने उपायुक्त को एक चेतावनी पत्र सौंपा है। साथ ही कहा है कि दस दिनों में टेंडर रद्द नहीं किया गया तो उसे मजबूरन धरने पर बैठना पड़ेगा। गुरलाल सिंह ने बताया कि टैण्डर आईडी 2024 एचआरवाई 302183-1 एवं 2024 एचआरवाई 362205-1 नप अधिकारियों द्वारा ठेकेदारों से मिलीभगत करके सभी नियमों को ताक पर रखकर तीन साल की टैण्डर की नियमावली की उल्लंघना कर अपने निजी स्वार्थ के लिए 20 साल के लिए वर्कआर्डर जारी कर दिया गया है। जो कि सरासर गलत है, जिससे सरकारी राजस्व को करोड़ों रुपए का नुकसान होगा। उसने बताया कि टैण्डर आईडी 2023 एचआरवाई 255249-1 के तहत ठेकेदार द्वारा शहर सिरसा में करवाए गए गलियों के निर्माण कार्य की ठेकेदार एजेंसी को की जा रही पैमेन्ट पर फौरन रोक लगाते हुए उक्त टैण्डर के तहत गली निर्माण कार्य में खुलेआम भ्रष्टाचार किया गया है, जिसकी फिजीकली जांच करवाकर इस गंभीर मामले की तत्काल सही व निष्पक्ष जांच करवाकर इस घोटाले में शामिल तमाम भ्रष्ट अधिकारियों के खिलाफ बनती कार्यवाही की जाए।

### मूर्ति स्थापना दिवस श्रद्धापूर्वक मनाया

**ओढां।** ओढ़ा की ग्रीन मार्केट में स्थित खाटू श्याम मन्दिर का 6वां मूर्ति स्थापना दिवस श्रद्धापूर्वक व धूमधाम से मनाया। जानकारी देते हुए मंदिर के प्रधान जगदीश मायला ने बताया कि आज सुबह 5 बजे बाबा जी के स्वरूप को विधिपूर्वक मंत्रोच्चारण के साथ स्नान करवाकर नए वस्त्र धारण करवाकर फ़ूलों से श्रंगार किया गया। इसके बाद 9 बजे मंदिर में हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। मंदिर के पुजारी रामकिशन रामू व नवरत्न शास्त्री ने यजमान डाक्टर गमदूर सिंह, रणवीर जांगू, राजेन्द्र गोदारा घुकांवाली के हाथों मंत्रोच्चारण के साथ पूजन करवाया और उपस्थित सभी श्रद्धालुओं ने हवन यज्ञ में आहुतियां डाली। इसके बाद 10 बजे मंदिर के नजदीक जेन सभा में बाबा जी का अटूट भंडारा शुरू किया गया।

**प्लॉट आवंटित**

**योजना सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं में से एक**

# मुख्यमंत्री शहरी आवास योजना के तहत 853 परिवारों को आवंटित हुए प्लॉट

26 जून को सीएम वर्चुअल माध्यम से लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित करेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

गरीब व्यक्ति केअपना घर होने के सपने को साकार करने के उद्देश्य से हरियाणा सरकार ने मुख्यमंत्री शहरी आवास योजना के तहत एक लाख 80 हजार से कम आय वाले परिवारों को ड्रा के माध्यम से 30 वर्ग गज के प्लॉट आवंटित किए गए हैं। सोमवार को उपायुक्त आर.के. सिंह ने चौ. देवीलाल विश्वविद्यालय के मल्टीपर्पज हॉल में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्यअतिथि शिरकत की। उन्होंने मुख्यमंत्री शहरी आवास योजना के तहत आयोजित कार्यक्रम में सिरसा के सैक्टर-20 (पी-3) में ड्रा के माध्यम से प्लॉटों का आवंटन किया। उपायुक्त आर.के. सिंह ने बताया कि 26 जून बुधवार को माननीय मुख्यमंत्री नायब सिंह रोहतक में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय कार्यक्रम में वर्चुअल माध्यम से जुड़कर प्रदेश के 14 शहरों के लाभार्थियों को मुख्यमंत्री शहरी आवास योजना के तहत अलॉट किए गए प्लाटों का प्रमाण पत्र वितरित करेंगे। उपायुक्त ने बताया कि सिरसा जिला के 853 परिवारों को आज ड्रा के माध्यम से पहले चरण में एक मरला के प्लॉट अलॉट किए गए हैं जिनमें 53 परिवार घुमंतू जाति, 71 विधवा, 276 अनुसूचित जाति व 453 अन्य जाति के गरीब परिवार शामिल हैं। उन्होंने बताया कि जिन परिवारों ने मुख्यमंत्री शहरी आवास योजना के तहत 13 सितंबर 2023 से 19 अक्टूबर 2023 तक प्लॉट के लिए आवेदन किया था, उनमें से सिरसा जिला के 853 परिवारों को प्रथम चरण में इस योजना का लाभ दिया गया है। उन्होंने बताया कि सरकार की योजना के तहत जिन परिवारों की वार्षिक आय एक लाख 80 हजार रूपये से कम है, ऐसे परिवारों को मुख्यमंत्री शहरी आवास योजना के तहत एक मरला के प्लॉट ड्रा के माध्यम से अलॉट किए गए हैं। उपायुक्त ने कहा कि यह योजना सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं में से एक है ।



**सिरसा।** सीडीएलयू में आयोजित प्लॉट आवंटन कार्यक्रम को संबोधित करते उपायुक्त आरके सिंह।

## खबर संक्षेप

### रतिया में दुकान के बाहर से मोटरसाइकिल चोरी

**फतेहाबाद।** रतिया में चोरों ने दुकान के बाहर से एक मोटरसाइकिल चोरी कर लिया। इस बारे पुलिस को दी शिकायत में वार्ड नं. 15 रतिया निवासी रजत कुमार ने कहा है कि उसकी सरदूलगढ़ कैंचियों के पास कन्फैक्शनरी की दुकान है। गत दिवस उसने अपने मोटरसाइकिल को दुकान के बाहर खड़ा किया था और दुकान में चला गया। रात को जब वह घर जाने के लिए दुकान से बाहर आया तो उसने देखा कि वहां से उसका मोटरसाइकिल गायब था। इस पर पहले उसने आसपास मोटरसाइकिल की तलाश की लेकिन जब कुछ पता नहीं चला तो उसने इस बारे पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई। इस मामले में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ केस दर्ज कर बाईक की तलाश शुरू कर दी है।

### हत्या का प्रयास का आरोपी गिरफ्तार

**सिरसा।** जिला की सिंघपुरा पुलिस चौकी पुलिस ने हत्या का प्रयास के मामले में एक आरोपी गुरमीत सिंह निवासी दादू को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से वारदात में प्रयोग की गई कुल्हाड़ी व कार को बरामद किया है। सिंघपुरा चौकी प्रभारी चंदन सिंह ने बताया कि बीती 30 दिसंबर 2023 को लक्ष्मण कुमार निवासी वार्ड नंबर 10 मंडी कालांवाली के बयान पर उसके साले सुखराज ने उससे बैठकर बात करने के लिए बुलाकर हमला करने पर अभियोग दर्ज किया गया था। जांच के दौरान आरोपी को न्यायालय के आदेशानुसार जांच में शामिल कर न्यायिक प्रक्रियानुसार कार्रवाई की है।

### नाबालिग के अपहरण का आरोपी काबू

**सिरसा।** कालांवाली थाना पुलिस ने नाबालिगा के अपहरण के आरोपी को गिरफ्तार किया है। कालांवाली थाना प्रभारी चांद सिंह ने बताया कि बीती 17 जून को पीड़िता की मां की शिकायत पर नामजद आरोपी द्वारा उसकी नाबालिग लड़की को अपहरण करके ले जाने बारे में मामला दर्ज किया गया था। जांच के दौरान पुलिस ने अब आरोपी जगमालवाली निवासी सरदूल को गिरफ्तार किया है। आरोपी को अब अदालत में पेश किया जाएगा।

### चत्तरगढ़पट्टी से लाखों के आभूषण व नगदी चोरी

**सिरसा।** चत्तरगढ़पट्टी में नेजाडेला रोड स्थित विकास नगर की गली नंबर-एक में रहने वाले प्रदीप शर्मा पुत्र राजेश शर्मा के घर को चोरों ने निशाना बनाया और तीन लाख 85 हजार रुपये की नगदी व जेवर साफ कर दिए। गृह स्वामी परिवार सहित खाटूजी धाम में धोंक मारने के लिए गया हुआ था। प्रदीप शर्मा की ओर से सिविल लाइन थाना में दर्ज करवाई अपनी शिकायत में बताया कि 22 जून को वह परिवार सहित खाटूजी दर्शन के लिए गया था। अगले दिन 23 जून को दोपहर वे घर लौटे तो ताले टूटे हुए थे। घर का सामान बिखरा हुआ था। कमरे में अलमारी का लॉकर तोड़कर अज्ञात व्यक्ति दो लाख 30 हजार रुपये की नगदी, तीन तौले के सोने के बिस्कुट, मकान की रजिस्ट्री व एग्रीमेंट चोरी कर ले गए।

### 27 जून को कैबिनेट मीटिंग में अधिसूचना जारी करे सरकार

# हारट्रोन आईटी प्रोफेशनल ने सीएम नायब सिंह सैनी के नाम सौंपा ज्ञापन

### लघु सचिवालय स्थित उपायुक्त कार्यालय में सेवाएं नियमितिकरण की पॉलिसी बनाने की मांग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद



**फतेहाबाद।** उपायुक्त राहुल नरवाल को ज्ञापन सौपते हारट्रोन आईटी प्रोफेशनल वेलफेयर एसोसिएशन के पदाधिकारी।

जिला फतेहाबाद में विभिन्न विभागों में कार्यरत हारट्रोन आईटी प्रोफेशनल्स ने हारट्रोन आईटी प्रोफेशनल वेलफेयर एसोसिएशन, हरियाणा के आह्वान पर सोमवार को राज्य संयुक्त सचिव जसबीर की अगुवाई में मुख्यमंत्री नायब सिंह के नाम उपायुक्त राहुल नरवाल को लघु सचिवालय स्थित उपायुक्त कार्यालय में सेवाएं नियमितिकरण की पॉलिसी बनाने के लिए ज्ञापन सौपा। हारट्रोन आईटी प्रोफेशनल ने उपायुक्त से अपील करते हुए कहा कि वे इस ज्ञापन को 27 जून को होने वाली कैबिनेट बैठक से पहले मुख्यमंत्री कार्यालय में भिजवाये। उपायुक्त ने उपस्थित हारट्रोन आईटी प्रोफेशनल को आश्वस्त किया कि वे इस ज्ञापन को समय रहते मुख्यमंत्री कार्यालय में भिजवाएंगे। इससे पहले हारट्रोन आईटी प्रोफेशनल्स ने लघु सचिवालय में स्थित पार्क में एकत्रित होकर आगामी रणनीति पर विचार किया और संगठन को मजबूत करने के लिए विभिन्न विभागों में कार्यरत हारट्रोन आईटी प्रोफेशनल जो संगठन से नहीं जुड़े हैं, उन्हें संगठन से जोड़ने बारे विचार विमर्श किया। इस बैठक में जिला में आबकारी एवं कराधान आयुक्त कार्यालय में कार्यरत हारट्रोन आईटी प्रोफेशनल प्रवीण को जिला प्रधान नियुक्त करने बारे सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया, जिसका सभी सदस्यों ने स्वागत किया। राज्य संयुक्त सचिव जसबीर ने बताया कि हारट्रोन आईटी प्रोफेशनल्स ने हारट्रोन आईटी प्रोफेशनल वेलफेयर एसोसिएशन अनुबंध के आधार पर कार्यरत लगभग पांच हजार हारट्रोन आईटी प्रोफेशनल्स का संगठन है जो हारट्रोन आईटी प्रोफेशनल्स की सेवाएं नियमितिकरण बारे निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने ज्ञापन सौपते हुए सरकार से एक सूत्री मांग रखते हुए कहा कि सरकार विभिन्न विभागों, बोर्ड, निगम, मिशन/केंद्रीय स्कीम, सांविधिक निकायों में हारट्रोन के माध्यम से अनुबंध आधार पर कार्यरत लगभग 5000 हारट्रोन आईटी प्रोफेशनल्स की सेवाएं नियमित करने के लिए तत्काल प्रभाव से अधिसूचना जारी करें। इस मौके पर संगठन सचिव राहुल शर्मा, महासचिव मोहम्मद अलियास सहित विनोद कुमार, नरेंद्र कुमार, संदीप कुमार, अनिल बिश्नोई, देवेंद्र कुमार, सतबीर, श्रुति, विंकल कंबोज, सुशील कुमार, पवन कुमार, राजेश कुमार, संगीता, संदीप सिंह, नितिन, सतीश कुमार, अंकुश, रविकांत शर्मा आदि मौजूद रहे।

# कार ने बाइक में मारी टक्कर, युवक की मौत

- बाइक पर सवार होकर रिकवरी के लिए फतेहाबाद से रतिया जा रहा था युवक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद



**फतेहाबाद।** बाईपास पर दुर्घटनाग्रस्त कार व मोटरसाइकिल।

नेशनल हाइवे बाईपास पर सोमवार दोपहर एक कार ने मोटरसाइकिल में टक्कर दे मारी। हादसे में बाईक सवार युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान सिरसा के गांव जोगेवाला निवासी 28 वर्षीय सुरेंद्र कुमार के रूप में हुई है। मृतक मोटरसाइकिल पर सवार होकर रिकवरी के लिए फतेहाबाद से रतिया जा रहा था कि बाईपास पर कार ने उसके मोटरसाइकिल में टक्कर दे मारी। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई और मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल में भिजवा दिया है। मिली जानकारी के अनुसार सिरसा के गांव जोगेवाला निवासी 28 वर्षीय सुरेंद्र कुमार फतेहाबाद के एक निजी बैंक में होम लोन शाखा में रिकवरी ऑफिसर के तौर पर काम करता था। बताया जा रहा है कि सोमवार को वह बाइक पर सवार होकर फतेहाबाद से रतिया में रिकवरी करने के लिए निकला था। जैसे ही वह नेशनल हाइवे बाइपास पर रतिया पुल के पास पहुंचा तो पीछे से आ रही एक कार ने उसे टक्कर मार दी। टक्कर लगने से वह उछलकर कार पर गिरा और गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पाकर एंबुलेंस मौके पर पहुंची और उसे अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। कार ऐलनाबाद नंबर की बताई गई है और आगे चेयरमैन लिखा हुआ था। पुलिस ने कार को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# जितेंद्र गोस्वामी को मुंबई में अभिनेत्री स्नेहा उल्लाल ने किया सम्मानित

- आईफा अवॉर्ड से नवाजा गया
- इस सफलता के पीछे उनके माता-पिता व पत्नी का सहयोग बताया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद



**फतेहाबाद।** जितेन्द्र गोस्वामी को सम्मानित करती बॉलीवुड अभिनेत्री स्नेहा उल्लाल। फोटो : हरिभूमि

फतेहाबाद के जितेंद्र गोस्वामी ने अपने दम पर हरियाणा में ही नहीं बल्कि पूरे भारत में डिजिटल मार्केटिंग के अंदर अपनी एक विशेष पहचान बना ली है। बता दें कि जितेंद्र गोस्वामी को मुंबई में मशहूर बॉलीवुड अभिनेत्री स्नेहा उल्लाल ने आईफा अवॉर्ड से सम्मानित किया। जितेंद्र गोस्वामी का नाम उनकी किसी ना किसी उपलब्धि की वजह से हमेशा सुरखियों में रहा है। फतेहाबाद में रहते हुए भी वह पूरे भारत में अपने फतेहाबाद का नाम रोशन कर रहे हैं और ये फतेहाबाद के लिए बहुत गर्व की बात है। जितेंद्र गोस्वामी को सोशल मीडिया एक्सपर्ट के नाम से भी जाना जाता है। जितेंद्र गोस्वामी ने बताया कि उनकी इस सफलता के पीछे उनके माता-पिता और उनकी पत्नी का बहुत सहयोग है। जितेंद्र गोस्वामी जी ने बताया कि वो इस अवॉर्ड फंक्शन में वह काफी बॉलीवुड और टीवी सेलिब्रिटीज से मिले और उनसे बातचीत भी की। जितेंद्र गोस्वामी को पहले भी बहुत से पुरस्कारों से सम्मानित किया जा चुका है। वो डिजिटल मार्केटिंग क्षेत्र में अपना एक अच्छा नाम बना चुके हैं और उनका नाम भारत के टॉप डिजिटल मार्केटर्स में आता है।

### पंजाबी सभा ने बस स्टैंड पर ठंडे पानी का वाटर कूलर लगवाया



**रतिया।** पंजाबी सभा द्वारा बुढलाडा रोड बस स्टैंड पर पंजाबी सभा के अध्यक्ष सतीश हांडा की अध्यक्षता में एक ठंडे पानी का वाटर कूलर लगवाया गया। सभा के महासचिव विज्ञान सागर बाघला ने बताया कि पिछले कुछ समय से बस स्टैंड पर आने वाले यात्रियों को पीने के पानी की समस्या की बात सामने आई थी तथा बढ़ती गर्मी में यह समस्या और बढ़ गई थी। इसको देखते हुए पंजाबी सभा द्वारा बस स्टैंड पर एक ठंडे पानी का वाटर कूलर लगवाने का निर्णय लिया गया। इस अवसर पर पंजाबी सभा के संयोजक डॉ. हंसराज मेहता, सचिव कृष्ण तनेजा, कोषाध्यक्ष संजय मक्कड़, उपाध्यक्ष हरबंस खन्ना, सतीश सरदाना, रमेश मेहता कुणाल, विक्की मेहता, सचिन ललित, जतिन मेहता, सुभाष चुघ, शाम आनंद, दिनेश तनेजा, संजय चुघ, पुजारा लाल, शिव वधवा, पप्पू मेहता, रवि सेतिया, सतीश मेहता, सतीश चोपड़ा, रमेश जताना, शाम तनेजा, लवली गिल्होत्रा आदि मौजूद रहे।

# नहीं टिकेगी मोदी सरकार, भाजपा का होगा सफाया : सतबीर भूथन

- देशभर में पेपर लीक के बढ़ते मामलों पर चिंता जाहिर की
- सरकार कर रही युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ : भूथन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रतिया



**रतिया।** मास्टर सतबीर भूथन।

नीट-यूजी और नेट का पेपर लीक होने से यह साबित हो रहा है कि केन्द्र सरकार युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है। परीक्षाओं में धंधेबाजी के कारण पेपर लीक हो रहे है। देशभर के छात्रों का विरोध झेल रही केन्द्र सरकार को तुरंत एक्शन लेते हुए केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान से इस्तीफा लेना चाहिए और भविष्य में ऐसी गड़बड़ी न हो, इसको लेकर सख्त कदम उठाने चाहिए। यह बात वरिष्ठ कांग्रेस नेता मास्टर सतबीर भूथन ने देशभर में पेपर लीक के बढ़ते मामलों पर चिंता जाहिर करते हुए कही। मास्टर सतबीर भूथन ने कहा कि बार-बार परीक्षाएं रद्द कर सरकार युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ कर रही है। सरकार परीक्षार्थियों का मानसिक, शारीरिक और आर्थिक रूप से उत्पीड़न कर रही है, जो किसी भी सूरत में सहन नहीं किया जाएगा। कांग्रेस नेता सतबीर भूथन ने कहा कि हाल ही में हुए लोकसभा चुनावों में साफ हो गया है कि मोदी सरकार जनता का विश्वास खो चुकी है। तीसरी बार जोड़-तोड़ कर भाजपा ने सरकार तो बना ली लेकिन बैसाखियों पर खड़ी यह सरकार लंबे समय तक टिक नहीं पाएगी। हरियाणा में होने वाले विधानसभा चुनावों में कांग्रेस की रिकार्ड सीटों पर जीत और पूर्ण बहुमत से सरकार बनाने का दावा करते हुए सतबीर भूथन ने कहा कि प्रदेश में आज चारों तरफ कांग्रेस की लहर चल रही है। भाजपा के नेता चुनावों से पहले ही हार मान चुके हैं। विधानसभा चुनावों में प्रदेश में बदलाव की ऐसी आंधी चलेगी, जिसके बाद प्रदेश में भाजपा का कोई नामलेवा तक नजर नहीं आएगा।

### पीर बाबा खैरदीन के सालाना जोड़ मेला में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़, टेका माथा



**फतेहाबाद।** गांव हिजरावां कलां स्थित पीर बाबा खैरदीन टिब्बा पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी पीर बाबा खैरदीन टिब्बे वाली सरकार का सालाना जोड़ मेला धूमधाम से आयोजित किया गया। फतेहाबाद के अलावा आसपास के गांवों व शहरों से काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने मेले में भाग लिया और पीर बाबा की दरगाह पर माथा टेककर मन्नतें मांगी। मेले को लेकर इसको लेकर श्रद्धालुओं में भी काफी उत्साह नजर आया। मेले के सफल आयोजन को लेकर मेला प्रबंधक कमेटी द्वारा पुख्ता इंतजाम किए गए थे। गर्मी को देखते हुए इस दौरान जहां ठंडे मीठे पानी की छबील लगाई गई वहीं गुरू का अटूट लंगर भी बरताया गया। मेले के दौरान पंजाब के प्रसिद्ध कलाकार कुलदीप रंधावा ने पीर बाबा की महिमा का गुणगान किया। उनके द्वारा प्रस्तुत किए गए भजनों पर श्रद्धालु झूम उठे। मेले के दौरान दरगार के बाहर विभिन्न प्रकार की स्टालें भी लगी हुई थी, जहां पर श्रद्धालुओं ने जहां खाने-पीने का आनंद लिया वहीं खरीददारी भी की। मेला प्रबंधक कमेटी के प्रधान संतोख सिंह, काबिल सिंह, जोगिन्द्र सिंह व सदस्य हरजिन्द्र सिंह जिंदी ने मेले के सफल आयोजन के लिए सभी सदस्यों व श्रद्धालुओं का आभार जताया।

# सरकार की वादाखिलाफी से कर्मियों में रोष

- सांझा मोर्चा नेताओं ने बैठक करके बनाई भूख हड़ताल की रणनीति
- इसके बाद भी सरकार व अधिकारी नहीं चेते तो होगी आगामी आंदोलन की रणनीति तय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार



**हिसार।** भूख हड़ताल की तैयारियों बारे बैठक करते सांझा मोर्चा के पदाधिकारी।

हरियाणा रोडवेज सांझा मोर्चा ने लंबे समय से लंबित मांगों व समस्याओं का समाधान न होने के रोषस्वरूप 26 जून को राज्य भर में डिपो स्तर पर भूख हड़तान करने का निर्णय लिया है। सांझा मोर्चा का आरोप है कि सरकार ने कई बार समझौते किए लेकिन उन्हें लागू नहीं किया, जिससे कर्मचारियों की मांगे व समस्याएं ज्यों की त्यों पड़ी है। भूख हड़ताल कार्यक्रम की तैयारी के लिए हिसार डिपो में सांझा मोर्चा पदाधिकारियों ने सोमवार को बैठक की। बैठक में प्रदेश स्तरीय सांझा मोर्चा द्वारा लिए गए निर्णय अनुसार भूख हड़ताल कार्यक्रम की सफलता बारे डिपो स्तर पर सभी कर्मचारियों से संपर्क स्थापित किया गया। मांगों का जिक्र करते हुए सांझा मोर्चा नेताओं ने कहा कि वर्ष 2016 के चालकों को पक्का करने, चालक, परिचालक व लिपिक का पे ग्रेड, डी ग्रुप के कर्मचारियों को कॉमन कैडर से बाहर करने, चालक परिचालक को जोखिम भत्ता देने व बकाया बोनस देने सहित अन्य मांगे अभी तक लंबित है जिनकी तरफ न तो विभाग के मंत्री का ध्यान है और न ही उच्चाधिकारियों का। सांझा मोर्चा नेताओं ने कहा कि हरियाणा सरकार ने पिछले वर्ष 23 मई को सांझा मोर्चा के साथ समझौते से संबंधित समस्याओं के निदान के बारे में आज तक भी कोई परिपत्र जारी नहीं किया है। इस अवसर पर सांझा मोर्चा से संबंधित पदाधिकारी अजय दुहन, राजवीर दूहन, नरेंद्र खरड़, अमित जुगलान, अनूप सातरोड, जितेंद्र शर्मा, राजकुमार चौहान, संदीप कुमार, सुभाष ढिल्लो व पवन बूरा आदि मौजूद रहे।

### जीएसटी ई-वे बिल पर बढ़े छूटः गुप्ता

**सिरसा।** भारतीय उद्योग व्यापार मंडल द्वारा मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से जीएसटी ई-वे बिल की राशि पर छूट बढ़ाने की मांग करते हुए उन्हें पत्र लिखा है। भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश उपाध्यक्ष गंगाराम गुप्ता ने सीएम को लिखे पत्र में कहा कि अन्य प्रदेशों में ई-बिल पर 1 लाख तक की छूट दी गई है, उसी प्रकार हरियाणा में भी 1 लाख तक की छूट दी जाए। उन्होंने कहा कि छतीसगढ़ में एक जिले से दूसरे जिले में माल भेजने पर ई-बिल की जरुरत नहीं है, इसी प्रकार हरियाणा में भी छूट दी जाए। गुजरात में 19 वस्तुओं को छोड़कर सभी वस्तुओं के लिए ई-बिल की आवश्यकता नहीं है, चाहे वो राशि कितनी भी हो। भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय चेयरमैन बालकिशन अग्रवाल व हरियाणा प्रदेश के सभी जिलाध्यक्षों ने मांग की है कि इस पत्र पर तुरंत संज्ञान लिया जाए।

# एसडीएम ने शिविर में सुनीं जनता की समस्याएं

- लोगों की समस्याओं का समाधान करना जिला प्रशासन की पहली प्राथमिकता : यादव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार



**हिसार।** समाधान शिविर में नागरिकों की समस्याएं सुनते एसडीएम जयवीर यादव, साथ हैं पुलिस अधीक्षक मोहित हांडा। फोटो : हरिभूमि

एसडीएम जयवीर यादव ने कहा कि जनता की समस्याओं का समाधान करना जिला प्रशासन की पहली प्राथमिकता है, इसलिए अधिकारी कार्यालयों में आने वाले लोगों की समस्याओं का समाधान त्वरित आधार पर करके उन्हें संतुष्ट करने का प्रयास करें।उन्होंने यह निर्देश सोमवार को लघु सचिवालय के जिला सभागार में आयोजित समाधान शिविर में उपस्थित विभिन्न विभागों के अधिकारियों संबोधित करते हुए दिए। उन्होंने शिविर में नागरिकों की प्रॉपर्टी आईडी, परिवार पहचान पत्र, राशन कार्ड, बिजली, पानी सहित अनेक योजनाओं से संबंधित समस्याओं को सुन उनका निदान किया। एसडीएम ने गांव मंगाली सुरतिया निवासी मनोज कुमार व राजेन्द्र तथा मंगाली मोहब्बत निवासी राजकुमार की शिकायत पर स्वामित्व अधिकार पत्र में भूमि स्वामी का नाम बदलने के निर्देश दिए। समाधान शिविर में कई लोगों ने गांवों में भूमि पैमाइश करने के आवेदन दिए जिस पर एसडीएम में जिला विकास व पंचायत अधिकारी को नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए। अतिरिक्त उपायुक्त कार्यालय द्वारा जानकारी देते हुए बताया कि समाधान शिविर में 13 लोगों की जन्मतिथि में सुधार, आठ लोगों के बैंक खाते की वेरिफिकेशन, 7 लोगों की फैमिली आईडी में मेंबर ऐड, 3 लोगों के व्यवसाय का प्रमाणन, 23 लोगों की पेंशन तथा 32 लोगों की नाम बदलने व फोन नंबर बदलने की समस्याओं का समाधान किया जा चुका है।

### लघु सचिवालय पार्क में मूर्ति बदलने के लिए डीसी ने दिए निर्देश

# बाबा साहेब की मूर्ति के स्थान पर लगेगी नई प्रतिमा

- प्रधान ने इस विषय पर मांगपत्र देकर देकर ठीक करवाने का अनुरोध किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद




**फतेहाबाद।** समाधान शिविर में नागरिकों की समस्याएं सुनते उपायुक्त राहुल नरवाल। फोटो : हरिभूमि

लघु सचिवालय के पार्क में लगाई गई बाबा साहेब डॉ. भीम राव अंबेडकर की खंडित हो चुकी मूर्ति के स्थान पर जिला प्रशासन द्वारा नई मूर्ति लगाई जाएगी। उपायुक्त राहुल नरवाल ने नगर परिषद अधिकारियों को इस बारे प्रस्ताव बनाने के निर्देश दिये है। उपायुक्त राहुल नरवाल के समक्ष समाधान शिविर में बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर सभा के प्रधान रामकिशन और दौलतराम ने मिलकर इस विषय पर मांगपत्र देकर इसे ठीक करवाने का अनुरोध किया था। इसके साथ ही उपायुक्त ने अंबेडकर चौक में लगी बाबा साहेब की मूर्ति पर रंग रोगन करने के निर्देश भी दिये। उपायुक्त राहुल नरवाल ने कहा कि समाधान शिविर का जिले में सफलतापूर्वक आयोजन किया जा रहा है। सोमवार को आयोजित किए गए समाधान शिविर में कुल 92 शिकायतें सुनी गई, जिनमें से मौके पर 47 का निवारण किया गया। समाधान शिविर में पुलिस विभाग से 3, क्रिड से 77 शिकायतें, जिनमें से 37 का निपटान, यूएलबी से 4 में से 4, समाज कल्याण विभाग से 3 में से एक तथा फूड सप्लाई विभाग की 5 में से 5 शिकायतों का निपटारा मौके पर किया गया। डीसी ने कहा कि हरियाणा सरकार ने समाधान प्रकोष्ठ नामक पहल की है, जिसका उद्देश्य शिकायत निवारण प्रक्रिया को व्यवस्थित करना और लोगों की चिंताओं का समय पर समाधान सुनिश्चित करना है। प्रत्येक शिकायत को शिकायतकर्ता की पीपीपी आईडी, संबंधित विभाग और शिकायत के विवरण के साथ दस्तावेजीकरण किया जा रहा है। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक आस्था मोदी, अतिरिक्त उपायुक्त राहुल मोदी, डीएमसी संजय बिश्नोई, जिला परिषद सीईओ सुरेश कुमार, ईओ राजेंद्र सोनी, एडवोकेट कष्ट निवारण समिति भारत भूषण गर्ग सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।